शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 25, पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 20 फरवरी 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# खेलों को सेलिब्रेट करना खिलाड़ियों से ज्यादा समाज का दायित्व : प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को खेलो इंडिया गेम्स पूर्वोत्तर में दिए वीडियो संदेश में कहा कि आज समय की मांग है कि हम खेलों को बढ़ावा देने के साथ ही खेलों को सेलिब्रेट भी करें और ये खिलाड़ियों से ज्यादा समाज का दायित्व है। इस संदर्भ में उन्होंने पूर्वोत्तर की प्रशंसा की और कहा कि पूर्वोत्तर की इस धरती ने खेलों को आगे बढ़ाने की एक संस्कृति विकसित की है। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में दिए वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार खेलो इंडिया गेम्स पूर्वोत्तर के सात राज्यों में आयोजित हो रहे हैं। वे पूर्वोत्तर के क्षेत्रों को अष्टलक्ष्मी से जोड़ते हैं। इन खेलों का शुभंकर तितली है। यह इस बात का प्रतीक है कि कैसे पूर्वोत्तर की आकांक्षाएं नए पंख पा रही हैं। उन्होंने कहा कि आज उत्तर से दक्षिण और पश्चिम से पूर्वी भारत तक देश के हर कोने में खेलों से जुड़े आयोजन हो रहे हैं। आयोजन



बताते हैं कि देश के कोने-कोने में युवाओं को खेलने के लिए ज्यादा से ज्यादा मौके मिल रहे हैं।

खेलों को बढ़ावा देने में सरकार के प्रयासों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ट्रेनिंग से लेकर स्कॉलरशिप देने तक देश में खिलाड़ियों के लिए एक अनुकूल माहौल बन रहा है। इस साल खेलों के लिए रिकॉर्ड साढ़े तीन हजार करोड़ रुपये का बजट दिया गया है। इसी का नतीजा है कि आज भारत हर प्रतियोगिता में पहले के मुकाबले ज्यादा मेडल जीत रहा है। उन्होंने कहा कि खेल हमें दुनिया की चुनौतियों से लड़ने का साहस देते हैं। आपने देखा है कि सफल लोगों में कुछ ना कुछ विशेष गुण होते हैं। उन लोगों में बस टैलेंट ही नहीं होता, टेंपरामेंट भी होता है। वे नेतृत्व करना भी जानते हैं और टीम स्पिरिट के साथ काम करना भी जानते हैं। इन लोगों में सफलता की भूख होती है। इसलिए वे कहते हैं कि जो खेलता है, वही खिलता है।

# यूपी यानी अनलिमिटेड पोटेंशियल: सीएम योगी

## मुख्यमंत्री योगी ने चौथी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के शुभारंभ के लिए पीएम मोदी का जताया आभार

**लखनऊ**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को चौथी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के शुभारंभ के लिए प्रदेश आगमन पर प्रधानंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया और 10 लाख करोड़ से अधिक की परियोजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आए हुए निवेशकों व उद्यमियों का भी स्वागत किया। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि आज यूपी अपनी प्रतिभा और अनलिमिटेड पोटेंशियल को पहचान कर सुरक्षा, सुशासन और विकास से जुड़ चुका है। सीएम योगी ने कहा कि यह भूमि भगवान श्रीराम की है,गोपेश्वर श्रीकृष्ण की है, बाबा विश्वनाथ की है, ऋषि मुनियों की कृपा भूमि है, मां गंगा, यमुना और सरयू जैसी नदियों का आशीर्वाद भी इसको प्राप्त हुआ है, यह धन्य भूमि है,पुण्य भूमि है, यह उद्यम और उद्यमता की भी भूमि है। आज उत्तर प्रदेश भारत के श्रम शक्ति पुंज को एक अर्थशक्ति पुंज के रूप में बनाने की ओर अग्रसर हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्ष में हमारा देश 11वीं अर्थव्यवस्था से 5वीं अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी जी के तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा, इसमें किसी को कोई संदेह नहीं। यह मोदी जी की गारंटी है, इस पर यूपी को भी यकीन है। इस संकल्प के साथ जुड़ते हुए उत्तर प्रदेश ने स्वयं को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है।

इसके लिए हमने स्किल, स्केल और स्पीड पर फोकस किया है। आप सभी उद्यमियों का सहयोग मिलता रहा तो यह लक्ष्य निश्चित ही सिद्ध होगा।

**यूपी ने वैल्यूज के साथ वैल्यू एडिशन को भी जोड़ा** : सीएम योगी ने सबसे पहले अयोध्या में 5 सदी के बाद प्रभु श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा और अबुधाबी में पहले हिंदु मंदिर की स्थापना के लिए पीएम मोदी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि प्रकृति, परमात्मा और प्रतिभा की पुण्य भूमि उत्तर प्रदेश की जनता अपने इस चौथे ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के भव्य आयोजन पर आप सभी का स्वागत और अभिनंदन करती है। हम सभी का सौभाग्य है कि आज जब भारत अमृतकाल में प्रवेश कर चुका है तब इस ऐतिहासिक कालखंड में हम सभी इसके साक्षी और सहभागी बन पा रहे हैं।



### 'लाखों युवाओं के लिए बढ़ीं रोजगार की संभावनाएं'

**सीएम** योगी ने कहा कि हम सब जानते हैं कि निवेश और औद्योगिक निवेश के बारे में भारतीय मनीषा क्या कहती आई है। आचार्य कौटिल्य ने कहा था कि आर्थिक समृद्धि के लिए तीन तत्वों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। पहली भूमि, दूसरी जनसंख्या और तीसरी पूंजी। यह कहते हुए गौरव की अनुभूति हो रही है कि यह तीनों तत्व आज उत्तर प्रदेश में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। वर्ष 2018 में जब हमने यूपी इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया था, तब हमारी सरकार ने अपना पहला ही वर्ष पूरा किया था,लेकिन ट्रांसफॉर्मेशन के उस शुरुआती चरण में भी आपने प्रदेश पर विश्वास जताया और परिणामस्वरूप 4.28 लाख करोड़ रुपए के प्रस्ताव उत्तर प्रदेश को प्राप्त हुए थे। आप सबके सहयोग से मात्र 5 माह में यानी जुलाई 2018 में पहली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में 61 हजार 700 करोड़ के निवेश वाली परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया। जुलाई 19 में दूसरी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया, जिसमें 67 हजार करोड़ के निवेश प्रस्तावों का शुभारंभ हुआ। कोविड कालखंड के बावजूद तीसरा ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह अन्य दो संस्करणों की तुलना में और भी भव्य था, जिसमें 80 हजार करोड़ की परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया।

### जीबीसी 4.0 निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने का उत्सव

**मुख्यमंत्री** ने प्रदेश में निवेश की संभावनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि 10-12 फरवरी 2023 के बीच आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की अभूतपूर्व सफलता से आप सभी परिचित हैं और उसके सहभागी रहे हैं। देश और दुनिया के उद्योग जगत ने हम पर विश्वास जताया। हमारी नीतियों पर भरोसा दिखाया और उत्तर प्रदेश को अब तक 40 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। आज इन्हीं निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने का उत्सव है। आज प्रधानमंत्री जी के कर कमलों से 10 लाख करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का भूमि पूजन संपन्न होने जा रहा है। नया उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश से अब उद्यम प्रदेश बनकर भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में विकसित भारत के संकल्प में एक विकसित उत्तर प्रदेश बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि यह ट्रांसफॉर्मेशन, ये बदलाव, ये स्पीड विकसित भारत के विकसित उत्तर प्रदेश की नई पहचान है। आपके सहयोगसे क्रियान्वित हो रही ये परियोजनाएं न सिर्फ उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली है।

# प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के कारण भारत आज किसी भी आपदा से निपट सकता है: अमित शाह

**नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि आपदा प्रतिरोधी भारत के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक बहुआयामी आपदा प्रबंधन योजना लेकर आए। उनके दूरदर्शी नेतृत्व के कारण भारत आज किसी भी आपदा से निपट सकता है। मिशन शून्य-हताहत के कारण, बिपरजॉय चक्रवात की विनाशकारी शक्ति भी किसी की जान नहीं ले सकी।



'एक्स' प्लेटफॉर्म पर आपदा प्रबंधन पर पोस्ट की एक श्रृंखला में अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने एक बहुआयामी आपदा प्रबंधन योजना पेश की। इस दृष्टिकोण के तहत मोदी सरकार ने त्वरित प्रतिक्रिया बल बनाए और सतर्क प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली विकसित की, जिससे लाखों लोगों की जान बचाई गई।

केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री ने कहा कि आपदा प्रतिरोधी भारत के निर्माण के लिए प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने आपदाओं के प्रति हमारी प्रतिक्रिया में शून्य-हताहत दृष्टिकोण अपनाया है। आज हमारी आपदा प्रतिक्रिया टीमें हर जीवन को सुरक्षित करने के लक्ष्य से प्रेरित होकर पूरी तरह से पेशेवर ताकतों के रूप में काम करती हैं।

गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने एक आपदा प्रतिरोधी राष्ट्र के निर्माण के लिए भारत के युवाओं की शक्ति का उपयोग किया। मोदी सरकार ने लाखों लोगों को आपदा प्रबंधन में प्रशिक्षित किया, जिससे हमारी सेनाओं का मनोबल बढ़ा और हमारा समाज आपदाओं से लड़ने में सक्षम हुआ।

# दिल्ली में 23 और दुकानों को 24 घंटे खोलने की मिली मंजूरी

**नई दिल्ली**

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को दिल्ली के अंदर 23 और दुकानों एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को 24 घंटे खोलने की मंजूरी दी है। सरकार की इस पहल से दिल्ली के अंदर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। इन प्रतिष्ठानों को 24 घंटे संचालित के लिए दिल्ली के श्रम विभाग की ओर से मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्ताव रखा गया था। सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठान कमर्शियल, रिटेल ट्रेड या बिजनेस कटेगरी के हैं। सरकार इन पर कड़ी निगरानी रखेगी। दिल्ली शॉप एस्टीब्लिशमेंट एक्ट 1954 के प्रावधानों और नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अब इसकी



अंतिम मंजूरी देने के लिए एलजी के पास फाइल भेजी गई है। दिल्ली सरकार के अनुसार जिन दुकानों को 24 घंटे संचालित करने की अनुमति दी गई है, उनको दिल्ली शॉप एस्टिब्लिशमेंट्स एक्ट 1954 की धारा 14, 15 व 16 के प्रावधानों और नियमों का सख्ती से पालन करना अनिवार्य है। गर्मियों के दिनों में रात 9 से सुबह 7 बजे तक और ठंड के मौसम में रात 8 से सुबह 8 बजे के बीच किसी भी प्रतिष्ठान में महिला कर्मचारियों को काम करने की अनुमति नहीं होगी। दुकानों को निर्धारित समय के अंदर ही खोलना और बंद करना होगा। इसका उल्लंघन करने पर व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद कराए जा सकते हैं। अगर ग्राहक इंतजार कर रहे हैं तो दुकान खोलने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय मिलेगा। अलग-अलग इलाकों में दुकानों को खोलने या बंद रखने का अलग-अलग समय तय हो सकता है और स्वामियों को उसका पालन करना होगा।

दिल्ली शॉप एंड एस्टिब्लिशमेंट्स एक्ट 1954 के तहत दिल्ली के श्रम विभाग के पास 24 घंटे दुकानों का संचालन करने के इच्छुक 33 लोगों ने आवेदन किया था। श्रम विभाग द्वारा इन आवेदन पत्रों और दस्तावेजों की गहनता से जांच की गई। जिसमें से 23 आवेदन पत्र सभी मानक पूरे करते पाए गए और उनको स्वीकृति दे दी गई है। जबकि शेष 10 आवेदन पत्रों की जांच प्रक्रिया अभी चल रही है।

# गाजियाबाद का नाम बदलकर महाराज अग्रसेन नगर करने की उठी मांग

**गाजियाबाद**

गाजियाबाद का नाम बदलने को लेकर सोमवार को गाजियाबाद में एक बार फिर हलचल दिखाई दी। जनपद महाराजा अग्रसेन नगर नाम परिवर्तन संघर्ष समिति ने कहा कि गाजियाबाद का नाम महाराजा अग्रसेन नगर ही होना चाहिए क्योंकि महाराजा अग्रसेन किसी एक जाति व धर्म के नहीं बल्कि सर्व समाज के हैं । इसलिए गाजियाबाद का नाम अग्रसेन नगर रखा जाना चाहिए । इसको लेकर संघर्ष समिति के अध्यक्ष रूपचंद नागत ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में साफ तौर पर कहा कि गाजियाबाद का नाम किसी और के नाम पर बिल्कुल स्वीकार्य नहीं होगा । उन्होंने कहा कि दिल्ली से सटे गाजियाबाद एक महत्वपूर्ण जिला है। जहां पर सर्व समाज के लोग रहते हैं। उन्होंने कहा कि




गाजियाबाद नाम होने से उन्हें आज भी मुगलिया सल्तनत संस्कृति की गुलामी का आभास हो रहा है। उन्होंने कहा कि उल गाजियाबाद जिले से भी मुगलिया आक्रांत गाजी के नाम से आभासित गाजियाबाद का नाम जिला महाराजा अग्रसेन नगर लिखा जाए। जिससे गाजियाबाद के लोगों के मन और सम्मान में और स्वाभिमान की रक्षा की जा सके।

इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने कहा है कि महाराजा अग्रसेन मयार्दा पुरुषोत्तम राम के पुत्र महाराज कुश के वंशज थे। जिन्होंने लगभग 108 वर्ष भारत पर शासन किया। जो एक महाराज होते हुए भी राज्य को लोकतांत्रिक ढंग से चलाते थे। साथ ही वह देव उपासक भी थे,बलि प्रथा के कठोर विरोधी तथा अहिंसा के पुजारी थे। वह सदैव धार्मिक सामाजिक पुरोधा यज्ञ प्रेमी, शाकाहार के उपदेशक,अनुशासन ईमानदारी सत्य और करते हुए निष्ठा के पक्षधर एवं सनातन धर्मी हिंदू धर्म के प्रवर्तक व्यापार प्रेरक और कुशल व्यापार संचालक थे। गाजियाबाद का नाम इन्हीं के नाम पर रखा जाना चाहिए । उन्होंने कहा कि दिल्ली और गाजियाबाद भारत का व्यापारिक केंद्र है। जिनमें प्रतिशत 25प्रतिशत आबादी अग्रवाल समाज की है। आपको बता दें कि इससे पहले गाजियाबाद का नाम बदलने को लेकर नगर निगम में प्रस्ताव पास हो चुका है ।

# संदेशखाली मामले पर राष्ट्रीय महिला आयोग ने जताई चिंता




**कोलकाता**

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली के हालात पर चिंता व्यक्त की है। सोमवार को वह उत्तर 24 परगना जिले के अशांत संदेशखाली में जमीनी हालात का जायजा लेने से पहले दमदम हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बात कर रही थीं।

इस दौरान उन्होंने ममता बनर्जी सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि मैं पीड़ितों से मिलने संदेशखाली जाऊंगी। मैं चाहती हूं कि पीड़ित आकर मुझसे बात करें, राष्ट्रीय महिला आयोग उनके साथ है। रेखा शर्मा ने कहा कि वे कल पश्चिम बंगाल के राज्यपाल और फिर राष्ट्रपति से मुलाकात करेंगी। उनका कहना है कि कई बातें सामने आ रही हैं लेकिन पुलिस उन्हें दबा रही है। उनका कहना है कि मैंने सुना है कि पीड़ितों के दस रिश्तेदारों को गिरफ्तार कर लिया गया है लेकिन मुख्य आरोपित शेख शाहजहां को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है।' रेखा शर्मा ने कहा कि वे डीएम और एसपी से नहीं मिल पा रही हैं।

# बोर्ड परीक्षा में गड़बड़ी करने वाले परीक्षा केन्द्र से सीधे भेजे जाएंगे जेल

**बलिया**

बोर्ड परीक्षा पर पुलिस की भी पैनी नजर रहेगी। पूरी परीक्षा के दौरान पुलिस का स्पेशल सेल एक्टिव रहेगा। बोर्ड परीक्षा में गड़बड़ी की स्थिति में कड़ी पुलिसिया कार्रवाई होगी। कलेक्ट्रेट सभागार के गंगा बहुउद्देशीय सभागार में बैठक में डीएम व एसपी ने जोनल, स्टेटिक, सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक व बाह्य केंद्र व्यवस्थापकों की बैठक में चेताया कि परीक्षा केंद्र से सीधे तत्काल जेल भेजने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा को सकुशलतापूर्वक, नकलविहीन और शुचितापूर्ण संपन्न कराने को लेकर जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने बैठक में कहा कि परीक्षा की जो नियम-शर्तें हैं, उनके अनुरूप ही परीक्षा कराएंगे। सचेत किया कि किसी भी स्तर पर छोटी से छोटी गलती भी अक्षम्य होगी। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी संज्ञान में आई तो व्यक्तिगत रूप से जवाबदेही तय करते हुए जिम्मेदार पर बड़ी कार्रवाई होगी। किसी भी दशा में कोई छोटी गलती भी स्वीकार नहीं होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि इस परीक्षा में जितने स्तर पर अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, वह पूरी तरीके से फूलप्रूफ व्यवस्था है, इसमें शामिल सभी अधिकारी यदि अपने कर्तव्यों का निर्वहन सही तरीके से करेंगे तो बोर्ड परीक्षा में कोई सेंधमारी नहीं होगी। यदि किसी ने सेंधमारी की



कोशिश की तो इसके बुरे परिणाम भुगतने पड़ेंगे। साथ ही सभी केंद्र व्यवस्थापकों को स्ट्रांग रूम की फूलप्रूफ सुरक्षा से संबंधित रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। बैठक में एसपी देव रंजन वर्मा ने कहा कि परीक्षा के दौरान नकल माफियाओं, फर्जी अभ्यर्थियों और पेपर लीक जैसे बिंदुओं पर नकेल कसने के लिए अपनी सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम के बारे में जानकारी दी। कहा कि परीक्षा की शूचिता बनाए रखने के लिए गोपनीय और ओपनली दोनों प्रकार के टीम अपना काम कर रही है। बैठक में एडीएम डीपी सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक रमेश सिंह, परियोजना निदेशक उमेश मणि त्रिपाठी, बीएसए मनीष सिंह व डीएसओ रामजतन यादव सहित सभी केंद्र व्यवस्थापक मौजूद थे।

# सिटी आस-पास संदेश

## कैंसर से पीड़ित किसान के घर में लगी आग से गृहस्थी जलकर खाक

**अखंड भारत संदेश**

### बेटी की शादी की तैयारी में लगे किसान का पूरा सामान जलकर खाक



**करछना।** तहसील क्षेत्र के कौंधियारा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कोल्हुआ गाँव मे रविवार की देर रात कैंसर पीड़ित किसान के आग लगने से गृहस्थी समेत लाखों का सामान जलकर नष्ट हो गया। बेटी की शादी की तैयारियों में जुटे किसान परिवार की गृहस्थी का सामान और घर जल गया। फायर ब्रिगेड को सूचना देने से पहले ही सब कुछ जल चुका था। गांव के लोगों ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। कोल्हुआ गांव के गिरीश चंद्र मिश्र के घर रविवार को देर अचानक घर के खपरैल के उपर से उठती आग की लपटें देख उस समय हड़कंप मच गया।जब घर के लोग गिरीश चंद्र मिश्र का अस्पताल में इलाज करा रहे थे। आनन-फानन में चीखने चिल्लाने की आवाजे सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने गृहस्थी का सामान बचाने का प्रयास किया किंतु 10बोरे गेंहू,5 बोरे चावल,बर्तन, बिस्तर और आभूषण समेत गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। भुक्तभोगी गिरीश चंद्र मिश्र ने बताया कि 2 लाख का नुकसान हुआ है। घटना के बाद पूरे परिवार में मातम जैसा माहौल है।

## कथित मुन्ना भाई को पुलिस ने भेजा जेल साथी की तलाश जारी

**मऊआइमा।** दूसरे के स्थान पर पुलिस की परीक्षा दे रहे एक मुन्ना भाई को कक्ष निरीक्षक ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया था। जहां पुलिस ने कथित मुन्ना भाई और उसके मित्र के खिलाफ जालसाजी, फ्राड का मुकदमा दर्ज कर सोमवार को आरोपी को जेल भेज दिया तथा उसके दोस्त की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। रविवार को प्रथम पाली में मऊआइमा के चकश्याम उर्फ पूरे हिंचा में स्थित भोलानाथ रामसुख इंटर कॉलेज में पुलिस की परीक्षा दे रहे ।एक युवक का फेस बायो मैट्रिक आधार बार चेक करने पर पता चला कि सुरेंद्र कुमार बिंद के स्थान पर संजीव कमल पांडेय पुत्र देवानंद पांडेय नान्हूपुर पडरी जिला मिजार्पुर को दबोचकर पुलिस को सौंप दिया गया। केन्द्र व्यवस्थापक विरेन्द्र कुमार सिंह की तहरीर पर पुलिस ने संजीव कमल पांडेय तथा उसके दोस्त जिसके स्थान पर परीक्षा दे रहा था सुरेंद्र कुमार बिंद के खिलाफ जालसाजी, फ्राड, सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार मुन्ना भाई संजीव कमल पांडेय को सोमवार को जेल भेज दिया।

## स्टेट बैंक जंघई से 30 हजार रुपए निकाल कर घर जा रहे व्यक्ति से थैला छिना

**अखंड भारत संदेश**

**जंघई।** सोमवार को भारतीय स्टेट बैंक जंघई की शाखा से 30 हजार रुपए निकालकर घर जा रहे एक व्यक्ति से बाइक सवार बदमाशों ने सेमरी, भोगीपुर गाँव में थैला छिनकर फरार हो गये। जौनपुर जनपद के मीरगंज थानांतर्गत सेमरी भोगीपुर गाँव निवासी महेंद्र कुमार पाल प्रयागराज जनपद के सरायममरेज थानांतर्गत भारतीय स्टेट बैंक जंघई की शाखा से सोमवार दोपहर करीब 12 बजे 30 हजार निकाल करके थैला मे पैसा रखकर थैला पीछे केरियल स्टैंड पर दब रखा और घर की तरफ चल दिए जैसे ही वह अपने गांव में घर से आधा किलोमीटर दूर पहुंचे ही थे, कि पीछे से आ रहे बाइक सवार ने उनका थैला छीन लिया और जंघई बाजार की तरफ भाग गये। महेंद्र पाल ने हो हल्ला मचाया लेकिन बदमाश भागने मे सफल रहे।भुक्तभोगी का कहना है कि उसने प्रयागराज और जौनपुर जिले की दोनो पुलिस चौकी जंघई को घटना की जानकारी दे दी है वहीं सरायममरेज थानांतर्गत जंघई चौकी इंचार्ज विजेंद्र कुमार राय का कहना है कि छिनैती जौनपुर जनपद में हुई है फिर भी मामले की जांच की जा रही है।

### दबंगों ने कर्मयोद्धा के घर लाइन खींचने से किया मना

**मेजा।** क्षेत्र के लोटाढ़ गांव निवासी समाचार पत्र विक्रेता राकेश प्रजापति के घर कई वर्षो से लाइन खींची गई थी। समय से बिल भी जमा किया जा रहा है। इधर विद्युत नवीनी करण के तहत पुराने खुले तार को निकाल कर नया वेदर का तार लगाया जा रहा है। बीते15 दिन पहले राकेश के घर के पास गड़े पोल तक गांव के दबंग के मना करने पर कार्यदाई संस्था द्वारा वेदर तार नहीं खींचा गया,जिससे उसका कनेक्शन नहीं जोड़ा गया। पीड़ित ने एसडीएम, अधिशाषी अभियंता और जेई से शिकायत की है। जेई मौके पर जाकर दबंगों के सामने नतमस्तक हो गए। पीड़ित राकेश इन दिनों अंधेरे में रहने को मजबूर है।

## न्यूज झरोखा

### आरएसएस द्वारा आयोजित हुआ बाल शिविर



**कुण्डा प्रतापगढ़।** कालाकांकर खण्ड के जनता इंटर कॉलेज आलापुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का दो दिवसीय बाल शिविर आयोजित हुआ। इस शिविर में कुण्डा जिले के आठ खण्ड व दो नगरो से कुल 190 बाल उपस्थित रहे। बाल शिविर का उद्घाटन श्रीमान प्रवेश जी विभाग प्रचारक जी द्वारा किया गया। विभाग प्रचारक जी ने बाल स्वयंसेवक के अन्दर कैसे संस्कार आये एवं संस्कार के साथ बच्चे अपने देश समाज के हित में कैसे बहादुरी के साथ कार्य करते है। कई वीर बालको की कहानी सुना कर बच्चो को उत्साहित किये। कहानी में ध्रुव की प्रह्लाद की फतेह सिंह व जोरावर की कहानी बताए। इस अवसर पर देवेन्द्र प्रताप जी, अजय जी, मधुकर जी, नितेश जी , विशाल जी, पीयूष जी,आदित्य जी संतोष जी, सतीश कुमार जी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एम एल पब्लिक स्कूल का 11वा वार्षिकोत्सव समारोह आज



**मेजा।** क्षेत्र के बगहा चौकी गांव के समीप स्थित एम एल पब्लिक स्कूल का ग्यारहवां वार्षिकोत्सव समारोह विद्यालय प्रांगण में मंगलवार 20 फरवरी को आयोजित किया गया है। उक्त आशय की जानकारी स्कूल के प्रबंधक वेद प्रकाश गुप्ता ने देते हुए बताया कि समारोह में बच्चों रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ साथ स्कूल की छात्र छात्राओं द्वारा नाटक,नृत्य, योगा कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जायेगा। समारोह के मुख्य अतिथि एसीपी मेजा रवि कुमार गुप्ता होंगे। श्री गुप्ता स्कूल में शिक्षा रत सभी छात्र - छात्राओं एवं अभिभावकों को उक्त अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में समारोह में सम्मिलित होने की अपील किया है।

### पांडेय बिल्डिंग मैटेरियल स्टोर जंघई में जेके सुपर सीमेंट द्वारा संगोष्ठी का आयोजन



**जंघई।** सोमवार को पांडेय बिल्डिंग मैटेरियल स्टोर जंघई प्रांगण में जेके सुपर सीमेंट कंपनी की तरफ से ग्राहकों एवं राज मिस्त्रियों के मध्य जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जेके सुपर सीमेंट कंपनी के अधिकारी लोकेंद्र तिवारी, इंजीनियर राहुल शर्मा, सेल्स अधिकारी सर्वेश यादव द्वारा उपस्थित लोगों को सीमेंट की गुणवत्ता एवं सीमेंट से बने हुए भवनों की मजबूती एवं प्रयोग विधि के विषय में विस्तारपूर्वक महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। इस अवसर पर पांडेय बिल्डिंग मैटेरियल के प्रोपराइटर विनोद पांडेय, गुंजन पांडेय, संजय पांडेय, अंकुर पांडेय, अभिनव पांडेय, अरुण यादव, अंकित पांडेय, पप्पू, बब्बू, मनोज मणिक सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### सार्वजनिक वितरण प्रणाली को चुस्त दुरुस्त रखना जरूरी : रमेश सिंह



**कोरांव।** जिले के नए अपर जिलाधिकारी खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति प्रयागराज ने सार्वजनिक वितरण प्रडाली में आ रही शिकायतों पर चर्चा के दौरान बताया कि उक्त प्रडाली को चुस्त दुरुस्त बनाए रखना जरूरी है। श्री सिंह ने कहा कि उच्चितदर विक्रताओं को अप ने अपने ग्राम सभा में उपभोक्ताओं से सामजस्य बना कर कार्य करना चाहिए और गांव के प्रतिनिधि के समुचित सुझाव को संज्ञान में लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब संबंधित अधिकारी निःस्वर्थ भाव से कार्य करे कराएंगे तो निश्चित सरकार की योजनाएं सार्वजनिक वितरण प्रणाली में गुणवत्ता दिखाई देगी। और अनावश्यक शिकायतें नहीं आएंगी। रमेश सिंह एडीएम सिविल सप्लाई प्रयागराज ने कोरांव तहसील की एक शिकायत को फर्जी कूट रचित निस्तारण जनसुनवाई पोर्टल पर अपलोड किए जाने और शिकायत कर्ता का खण्डन बाहलफ किए जाने को गंभीरता से लिया। जिस पर ग्राम प्रधान अल्हवा ने खाद्य एवं रसद विभाग के सचिव तक से शिकायत किया। और पुलिस आयुक्त तथा डीएम से एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग की। उक्त मामले में श्री सिंह ने कार्यवाही की बात कही है।

### तीन दिवसीय ब्लाक स्तरीय कार्यशाला का आयोजन



**मऊआइमा।** स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अंतर्गत पावर एंजेल्स सशक्तिकरण एवं नेतृत्व क्षमता प्रदान करने हेतु सुगमकर्ता की तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला विकासखंड मऊआइमा ब्लॉक रिसोर्स सेंटर पर प्रारंभ हुई। जिसका शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार त्रिपाठी द्वारा मां सरस्वती के माल्यार्पण द्वारा हुआ। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को इस कार्यशाला के सभी सोपनो को विद्यालय पूर्ण रूपेण क्रियान्वयन करने के लिए निर्देशित तथा शुभकामनाएं दी। संदर्भदाता श आभा रानी ,श्वेता सिंह द्वारा उक्त कार्यशाला का संचालन किया जाएगा जिसमें 32 प्रतिभागी प्रतिभागी करेंगे।

### क्षेत्र पंचायत सदस्यों और प्रधानों की बैठक आयोजित की गई विकास पर चर्चा



**मऊआइमा।** मऊआइमा विकास खंड परिसर में बने हाल में एक बैठक ब्लाक प्रमुख अफसरून निशां पत्नी प्रमुख प्रतिनिधि इम्तियाज समी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में बीडीसी और ग्राम प्रधानों ने अपने अपने क्षेत्र में विकास सम्बंधित कार्यों को बताया ।तथा प्रधानों ने विकास खंड परिसर में प्रधानों की बैठक हेतु एक नये भवन निर्माण करने की बात उठाई गयी तथा ब्लाक में मिनी स्टेडियम एंव हर गांव में खेल कूद के मैदानों के अलावा मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री आवासों की चर्चा की गयी।।बैठक में विकास खंड अधिकारी उमेश सिंह,जे ई लघु सिंचाई विभाग असफाक अंसारी,के अलावा प्रधान संघ के अध्यक्ष तीरथ यादव, महेश माली, शिवबाबू, इन्द्रकेश चौहान,ऋषि कुमार प्रजापति अदि बडी संख्या में बीडीसी और ग्राम प्रधानों ने भाग लिए। बैठक में 92बीडीसी में से 72 जबकि 56प्रधानों में से 42 प्रधान उपस्थित रहे। बैठक में विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग,रसद विभाग, सिंचाई विभाग से कोई कर्मचारी न आने पर आक्रोश व्याप्त करते हुए प्रमुख प्रतिनिधि इम्तियाज समी ने कार्यवाही हेतु अफसरानों को पत्र लिखे।

## छत्रपति शिवाजी महाराज को किया गया याद

**सहसों।** भारतीय स्वाधीनता संग्राम में हमेशा स्मरण किए जाने वाले युग पुरुष तथा भारत भूमि के महान सम्राट छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर उन्हें लोगों ने शत-शत नमन कर श्रद्धा सुमन के साथ जयंती मनाते हुए याद किया। इस मौके पर छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज सहसों में प्रबंधक एवं जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल ने शिक्षकों एवं कर्मचारियों तथा अन्य लोगों सहित शिवाजी महाराज के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने याद करते हुए कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज पराक्रमी, साहसी एवं प्राचीन हिंदू राजनीतिक परंपराओं को पुनर्जीवित करने का काम किया। हमेशा अपनी पराक्रम युद्ध कौशल से दुश्मनों को लोहा मनवाया, छापामार युद्ध के चलते उनके दुश्मन सदैव परस्त होते रहे। उन्होंने अदालती एवं प्रशासनिक कार्यों कार्यों एवं लेखा-जोखा में फारसी भाषा की जगह मराठी एवं संस्कृत भाषा को महत्व दिया। हिंदू धर्म को बढ़ावा दिया इसके साथ महिलाओं के प्रति पूरा सम्मान व उनकी रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहे। इस अवसर पर शिवनारायण सिंह गप्पू , राघवेंद्र सिंह सिंगरौर, जय प्रकाश, धर्मेंद्र सिंह, इंद्रभान सिंह, भानु सिंह, पुष्पेंद्र सिंह सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

### मऊआइमा में सात दिनों तक मरम्मती करण हेतु बिजली बाधित

**मऊआइमा।** मऊआइमा विद्युत उप केन्द्र के अवर अभियंता ने बताया कि बीस फरवरी से लेकर सत्ताईस फरवरी तक दिन में ग्यारह बजे से लेकर पांच बजे शाम तक मऊआइमा फीडर के नम्बर एक तिहाई,दो अमानगंज, टाउन सिकेंड की बिजली स उच्चरकार द्वारा आर डी एस एस योजना के तहत जर्जर तारों और खम्भों की मरम्मत होगी।

## सांसद ने मेजा में अधिवक्ताओं संग ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का एलईडी स्क्रीन पर देखा सजीव प्रसारण

### वन ट्रिलियन डालर की इकोनॉमी की ओर तेजी से अग्रसर हो रहा है यूपी : डा रीता जोशी



**मेजा।** सोमवार को लखनऊ में कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के शुभारंभ के मौके पर मेजा तहसील में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा कार्यकताओं के साथ एलईडी स्क्रीन पर सांसद प्रो.रीता बहुगुणा जोशी ने सजीव प्रसारण देखा। उन्होंने कहा कि जनपद प्रयागराज में तकरीबन 10 हजार करोड़ रुपए का निवेश स्वीकृत किया गया है जिसमें एमएसएमई, हाउसिंग, उद्यान, डेयरी, एनिमल हसबैंडरी यूपीसीडा, अर्बन डेवलपमेंट, ऊर्जा सेक्टर, टूरिज्म, कॉपरेटिव, स्वास्थ्य, एग्रीकल्चर वन विभाग, आयुष विभाग, मेडिकल एजुकेशन, ट्रांसपोर्ट समेत कई विभाग शामिल है। रीता जोशी ने कहा कि आज यूपी वो राज्य है, जहां देश के सबसे ज्यादा एक्सप्रेसवे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आज देश में सबसे अधिक इंटरनेशनल एयरपोर्ट्स हैं। आज यूपी वो राज्य है, जहां देश की पहली रैपिड रेल चल रही है। उन्होंने कहा कि एक समय था, जब यूपी में चारों तरफ अपराध, दंगे, छीना-झपटी, यही खबरें आती रहती थी। उस दौरान अगर कोई कहता कि यूपी को विकसित बनाएंगे तो कोई सुनने को भी तैयार नहीं होता। आज लाखों- करोड़ का निवेश उत्तर प्रदेश की धरती पर उतर रहा है। सांसद प्रोफेसर जोशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए उनको धन्यवाद दिया। सांसद प्रो जोशी ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी पर कहा कि आज यूपी वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी की तरफ बहुत तेजी से बढ़ रहा है। मोदी की गारंटी पर यूपी को भी भरोसा है और देश को भी। सांसद जोशी ने कहा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर बना है। पीएम के मार्गदर्शन में देश विकास की राह पर चला है। यूपी देश की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था वाला प्रदेश बन गया है। प्रदेश में सबसे अधिक एयरपोर्ट है। सांसद प्रो जोशी ने मेजा तहसील में आए हुए उद्यमियों का स्वागत करते हुए उनको प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एसडीएम मेजा जयजीत कौर, मेजा बार के अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद द्विवेदी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख मांडा अशोक सिंह ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मेजा गंगा प्रसाद, राजेश त्रिपाठी, लखन केसरी, ओम प्रकाश केसरी, आमिर,राजेंद्र तिवारी,कमलेश मिश्र,गोविंद मिश्र,कामेश्वर पटेल, अमरेश तिवारी, आशीष मिश्रा मुन्ना सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## चार माह उन्नीस दिन से काग्रेसियों का कोरांव तहसील पर धरना जारी

### कोई समाधान मांगों का नहीं कर पा रहा प्रशासन,मांग कर्ता अड़े,रात दिन एसडीएम कोर्ट के सामने डेरा पड़ा हुआ




**कोरांव।** तहसील कोराव परिसर में कुल चार माह उन्नीस दिन से गरीब मजलूमों पत्तेदारों आदि की समस्याओं को ले कर निरंतर धरना जारी है। धरने पर बैठे कांग्रेस के नेता,कार्यकर्ता,कृषक,मजदूर पूर्व विधायक राम कृपाल कोल के नेतृत्व में मागों को ले कर तेज ठंडक गर्मी सहन कर बैठे हैं। किंतु कोई सुनने वाला नहीं है। धरने पर बैठे नेता राम नारायण मौर्य,मुन्ना मिश्रा ऐडवोकेट,शंकर लाल,झल्लू कोल आदि महिला पुरुष का कहना है कि जब तक जिला या स्थानीय प्रशासन मांगों को पूरा नहीं करते तब तक धरना जारी रहेगा। श्री मौर्या ने बताया कि है लोगों की कोई ऐसी कठिन या जटिल मांगें भी नहीं है कि तहसील प्रशासन या जिला प्रशासन समस्याएं समाधान नहीं कर सकता। कारण जो भी हो चाहे राजनैतिक दबाव हो या गैर राजनैतिक दबाव अथवा प्रशासनिक समस्या या लापरवाही मनमानी हो किंतु इतने लंबे समय से एक राष्ट्रीय पार्टी का पूर्व विधायक के नेतृत्व में जन समस्याओं को ले कर चला आ रहा धरना समाप्त न कराया जाना या समस्या हल न किया जाना चर्चा का विषय तो है ही।

## जलालपुर में वरिष्ठ समाजसेवी रामचंद्र पांडेय द्वारा कंबल वितरण का आयोजन



**प्रतापपुर।** जलालपुर, जंघई निवासी समाजसेवी रामचंद्र पांडेय द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी अपने जन्मदिन पर दीन दुखियों एवं जरुरतमंदों के मध्य कंबल वितरण कार्यक्रम करवाया। अखण्ड रामायण पाठ हवन पूणार्हुति आरती एवं महाप्रसाद का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों जरुरतमंदों को कंबल वितरण किया गया। कंबल वितरण में मुख्य अतिथि सांसद भदोही रमेश चंद्र बिंद ने कहा कि दीन दुखियों एवं जरुरतमंदों की सहायता करना नेक एवं पुनीत कार्य है सेवा भावना हम सभी को प्रेरित करने का काम करती है। कार्यक्रम आयोजक वरिष्ठ समाजसेवी द्वारा कल्याण, मुंबई में रहकर तमाम जनहित कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं गांव में भी समय समय पर आकर जनहित में समाज की सेवा में तत्पर रहते हैं। रामचंद्र पांडेय ने कहा कि मानवता उस भाव का नाम है जब कोई व्यक्ति दूसरे को दर्द में देखकर दुखी हो जाता है और दूसरों को सुखी देखकर खुश हो जाता है मानवता ही एक ऐसा भाव है जिसके कारण मनुष्य दूसरे के हित में कार्य करता है। प्राचीन काल से ही यह कहा जाता है कि मनुष्य को असहायों दीन दुखियों पर परोपकार करना चाहिए और दूसरों की मदद करनी चाहिए। मानवता और परोपकार ही ऐसे भाव है जिनकी वजह से पृथ्वी पर जीवन संभव है। गरीब मजदूर पीड़ितों के हित में सोचना, विपदा में मदद करना, सबके साथ मिल जुलकर रहना, प्रेम और भाईचारे की भावना ही मानवता है। इस अवसर इंजीनियर घनश्याम पांडेय, शारदा प्रसाद त्रिपाठी शास्त्री, राम आधार शुक्ल, रमेश चंद्र पांडेय अभयराज मिश्र, देवेंद्र दुबे, रमेश पांडेय प्रधान, धर्मेंद्र पांडेय, त्रिभुवन नाथ पांडेय, दीनानाथ पांडेय, ब्रह्मा तिवारी, डिंपी पांडेय, डॉ अरुण पांडेय, बाबा सिंह, सुशील पांडेय, अंकित पांडेय सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## फर्जी एस ओ के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र की बारों गांव में एक युवक से फर्जी एस ओ बनकर 20000 हजार रुपए ले लिया था। जिसको लेकर पुलिस ने धोखाधड़ी जालसाजी समेत अन्य संगीन धारा में पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत मामले की जांच में जुटी हुई है। बारों थाना उतराव निवासी राजा दशरथ बिंद जिसका पत्नी से विवाद चल रहा है ।उसी दरमियान उसके भाई व एक व्यक्ति द्वारा उसके घर पर पहुंच कर एनसीआर लिखे जाने की बात बताते हुए फर्जी एस ओ बताकर उससे 20000 की वसूली की गई। जिसको लेकर भुक्तभोगी राजा दशरथ ने थाने पर पता करने के लिए आया तो पता चला वह फर्जी एस ओ बनकर उसके साथ ठगी किया। भुक्तभोगी राजा दशरथ ने लिखित रूप से तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की तो पुलिस ने मामले की जांच करते हुए डीसीपी गंगानगर के आदेश पर धोखाधड़ी जालसाजी समेत अन्य सगीन धाराओं में यादवेंद्र प्रताप सिंह पुत्र अज्ञात निवासी सरायपीथा, रामजी बिंद पुत्र सीताराम व एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

### एम एल पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज के वार्षिकोत्सव समारोह आज

**सिरसा।** प्रयागराज मेजा क्षेत्र के यमुनानगर ब्लाक उरुवा के अंतर्गत बगहा चौकी स्थित एम एल पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज का ग्यारहवां वार्षिकोत्सव समारोह विद्यालय प्रांगण में 20 फरवरी मंगलवार को धूमधाम से मनाया जायेगा समारोह में बच्चो के द्वारा नाटक,नृत्य, योगा कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा। समारोह के मुख्य अतिथि एसीपी मेजा रवि कुमार गुप्ता होंगे उक्त जानकारी स्कूल के प्रबंधक वेद प्रकाश गुप्ता ने देते हुए सभी अभिभावक बच्चो को समारोह में सम्मिलित होने की अपील किया है।

## औद्योगिक विकास परियोजनाओं की पहल से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे : पियूष रंजन

### उद्योग धंधे से जुड़े दूकानदारो दिए गए प्रतिभा प्रमाण पत्र



**करछना।** सोमवार को विकास खंड करछना के सभागार में आयोजित कार्यक्रम औद्योगिक विकास परियोजनाओं के सुभारंभ के अवसर पर विधानसभा करछना के विधायक पियूष रंजन निषाद,उप जिलाधिकारी जागृति अवस्थी खंड विकास अधिकारी बबीता गुप्ता, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी, एडीओ पंचायत राम शिरोमणि तिवारी एवं मनरेगा प्रभारी मनीष शुक्ला भाजपा जिला उपाध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद पांडेय, सुरेश पांडेय प्रधान प्रतिनिधि पुरैनी हासिमपुर, लक्ष्मी शंकर पाण्डेय उर्फ नन्हें पांडे सहित ब्लाक कर्मियों प्रधानों, तथा उद्योग धंधे से जुड़े कारोबारियों के बीच बैठक हुई जिसमें जिसमें भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही अन्य योजनाओं को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई तथा औद्योगिक विकास परियोजना के अंतर्गत लोगों को रोजगार से जोड़ने के लिए अलग-अलग पहलुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई इस दौरान क्षेत्र के करीब 50 कारोबारी को प्रतिभा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते हुए रोजगार को और आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया तथा वही बेरोजगार लोगों के लिए औद्योगिक विकास परियोजना के अंतर्गत उन्हें लाभान्वित करने के लिए विशेष तौर पर जोर दिया गया।

# रामतीर्थ भक्तमाल शिविर में लगी आग, लाखो का नुकसान

## दो सिलेंडर फटे, पांच शिविर जले, गंगा आरती में गए थे शिविर के लोग





अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** माघ मेले के प्राचीन गंगा थाना स्थित खास चौक में लगे राम तीरथ भक्तमाल शिविर में सोमवार की शाम अचानक आग लग गई। लोग कुछ समझ पाते तब तक शिविर में रखे सिलेंडर ने आग पकड़ ली। मौके पर अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। तभी दो जोरदार धमाका हुआ और आसपास रहने वाले लोग भी अपने शिविर को छोड़ बाहर आ गए। मौके पर पहुंची कई फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया तब तक पांच शिविर जलकर पूरी तरह खाक हो चुके थे। आग लगने का कारण स्पस्ट नही हो पाया। खाक चौक पर लगे अयोध्या के रामतीर्थ भक्तमाल शिविर में प्रतिदिन की तरह सोमवार कि भी पूजा अर्चना के बाद शाम को शिविर में रहने वाले सभी कल कल्पवासी, साधु संतों के साथ गंगा आरती में गए हुए थे। तभी शिविर में अचानक आग लग गई। आग को देखकर आसपास के लोग शोर मचाने लगे और बालू, पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास करने लगे। लेकिन तभी आग ने शिविर में रखे सिलेंडरों को अपने चपेट में ले लिया जिसकी वजह से आग बुझा रहे लोग पीछे हट गए। कुछ ही देर में एक के बाद एक दो जोरदार धमाका हुआ बताया जाता है कि दो सिलेंडर फट गए। सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची सब से पहले अंदर रखे तीन सिलेंडरों को बाहर निकला गया। फायर ब्रिगेड जब तक आग पर काबू पाया तब तक शिविर के अंदर लगे पांच टेंट जलकर खाक हो गए। कल्पवास कर रही भदोही ज्ञानपुर बड़वापुर की रीता त्रिपाठी पत्नी अनिल त्रिपाठी के शिविर में 60 हजार व गृहस्थी का सारा सामान जल गया वहीं गोमती इंटर कॉलेज के लेक्चर जगदीश प्रसाद के शिविर में रखा सारा सामान वह 80 हजार नगद, शकुंतला देवी के शिविर से 40 हजार नगद व सारा सामान, रेलवे से रिटायर्ड राजमणि दुबे का करीब एक लाख बीस हजार नगद व शिविर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। आग लगने की सूचना पर गंगा आरती में गए सभी लोग भाग कर पहुंचे गनीमत रही कि शिविर में कोई नहीं था नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था वही आग बुझाने के दौरान एक युवक के झुलसने की भी चर्चा रही।

# नैनी में शादी समारोह में पार्षद पर पिस्टल तानने का आरोप



**नैनी।** नैनी चक्र रघुनाथ वार्ड नंबर 20 के पार्षद राकेश जायसवाल को एक वैवाहिक कार्यक्रम में जान से मारने की कोशिश की गई। इस संबंध में पार्षद ने नैनी पुलिस को मुकदमा दर्ज करने के लिए तहरीर दी है। तहरीर में आरोप लगाया गया कि वह रविवार रात नैनी अशोक टॉकीज चौराहे के पास एक गेस्ट हाउस में निमंत्रण पर गए थे। आरोप है कि वहां पर उन्हें कुछ लोगों ने धमकाया और पिस्टल सटाकर जान से मारने की कोशिश की लेकिन लोगों ने बीच बचाव कर बचा लिया। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि तहरीर दी गई है जांच की जा रही है। सही पाया गया तो मुकदमा दर्ज कर लिया जाएगा।


## कार्यालय ग्राम पंचायत रामपुर ता. मुंगारी/हरदुआ , वि. ख. करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन/2023-24 **टेण्डर/कोटेशन** दिनांक 19-02-2024

मनरेगा/ पंचम राज्य वित्त/15 वां वित्त/**SLWM** योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत **हरदुआ** विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन/प्राक्लन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 20-02-2024 से दिनांक 05-03-2024 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं। नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है , तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 06-03-2024 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर /कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 06-03-2024 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नांकित कार्य पर पर जिस-जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा, जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा, साथ ही जी. एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा। उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा। उस भुगतान पर भी उक्त नियम व शर्तें लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य में उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | योजना | नग | अनुमानित लागत | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सामुदायिक/संस्थागत खाद गड्ढा | SLWM | 7x2225 | 15575.00 | 2 माह |
| 2. | सामुदायिक नाडेप | SLWM | 5x25000 | 75000.00 | 2 माह |
| 3. | सामुदायिक वर्मी कम्पोस्ट | SLWM | 5x29300 | 146500.00 | 2 माह |
| 4. | कचरा वाहन (ई-रिक्शा) | SLWM | 1x160000 | 160000.00 | 2 माह |
| 5. | एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र ISWMC | SLWM | 1x160000 | 160000.00 | 2 माह |
| 6. | व्यक्तिगत सोकपिट | SLWM | 18x14950 | 269100.00 | 2 माह |
| 7. | सामुदायिक सोकपिट | SLWM | 1x22300 | 22300.00 | 2 माह |
| 8. | हैण्डपम्प सोकपिट | SLWM | 20x14950 | 299000.00 | 2 माह |
| 9. | सामुदायिक एवं संस्थागत लीचपिट | SLWM | 1x1000 | 1000.00 | 2 माह |
| 10. | सिल्ट केचर | SLWM | 3x2225 | 6675.00 | 2 माह |

**प्रवीणा देवी**
**ग्राम प्रधान**
**ग्रा. पं. रामपु ता. मुंगारी/ हरदुआ**
**वि0 ख0 करछना प्रयागराज**

**कमल सिंह**
**सचिव**
**ग्रा. पं. रामपु ता. मुंगारी/ हरदुआ**
**वि0 ख0 करछना प्रयागराज**


# पुलिस के पहरे में शुरू हुआ रिंग रोड का काम, किसानों में असंतोष

## मुआवजे को लेकर किसानों ने बंद कराया था रिंग रोड का काम, किसानों को समझाने पहुचे थे एसडीएम





अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** बजहा राजूपुर में सोमवार को किसानों की समस्या का समाधान किये बिना एसडीएम फूलपुर ने पुलिस की मौजूदगी में रिंग रोड का काम शुरू करा दिया। आरोप है कि अभी किसानों को पूरा मुआवजा नहीं मिला है और प्रशासन द्वारा किसानों को मुकदमे का डर दिखा कर काम शुरू कराया गया। जिससे किसानों में असंतोष है। नैनी से झूंसी होते सहसों तक बनाई जा रही रिंग रोड का काम कुंभ मेले को देखते हुए युद्ध स्तर पर चल रहा है वही झूंसी के बजहा, राजुपुर में कुछ किसानों ने मुआवजे को लेकर रिंग रोड का काम रुकवा दिया था। कई बार किसानों को समझने राजस्व टीम पहुंची पर बात नही बनी। विधायक फूलपुर प्रवीण पटेल ने किसानों को आश्वासन दिया था कि जब तक पूरा मुआवजा नहीं मिल जाएगा काम शुरू नहीं होगा लेकिन सोमवार को एसडीएम फूलपुर तपन मिश्रा झूंसी थाने की फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे तो किसानों की भारी भीड़ जमा हो गई। एसडीएम ने किसानों को समझाने का प्रयास किया पर किसान मुआवजे के बाद ही काम शुरू करने की बात पर अड़े थे। एसडीएम ने पुलिस के पहरे में काम को शुरू कर दिया गया। पूर्व ग्राम प्रधान राजेश सिंह ने बताया कि प्रशासन द्वारा किसानों के साथ तानाशाही की जा रही है बगैर किसानों के संतुष्ट किया ही काम को शुरू कर दिया गया विरोध करने वाले किसानों को मुकदमे की धमकी दी जा रही है। वहीं एसडीएम फूलपुर तपन मिश्रा का कहना है कि सभी को मुआवजा मिल चुका है। जिसकी थोड़ी बहुत जमीन अधिक जा रही है उसकी जांच कराई जा रही है।

### रिंग रोड में की चपेट में आए मजदूर का मकान गिराया

**झूंसी।** रिंग रोड की चपेट में आए बजहा के अर्जुन बिंद का मकान सोमवार को रिंग रोड की काम में लगी जेसीबी व पोकलैंड से गिरा दिया गया। राजेश सिंह की माने तो अर्जुन को सामान निकालना तक का भी मौका नहीं दिया गया। अपना मकान गिरता देख वह दहाड़े मारकर रोता रहा पर किसी ने उसकी नहीं सुनी। मकान गिरने के बाद ग्रामीणों की मदद से उसका समान निकाला गया।

## प्रयागराज मंडल की सब जूनियर बालिका टीम का चयन

**टीम की कमान पुष्पेंद्र प्रताप सिंह को**

**नैनी।** नैनी 20 फरवरी से 23 फरवरी तक फैजाबाद स्पोर्ट्स स्टेडियम आयोजित होने वाली सब जूनियर बालक हैंडबॉल प्रतियोगिता में प्रयागराज मंडल टीम का चयन क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विमला सिंह व उप जिला क्रीड़ा अधिकारी देवी प्रसाद जिला खेल कार्यालय मदन मोहन मालवीय स्टेडियम प्रयागराज हुआ सचिन जिला हैंडबॉल संघ प्रयागराज कौशल कुमार दीक्षित के नेतृत्व में गठित की गई ट्रायल में प्रयागराज मंडल की टीमों का चयन किया गया जो इस प्रकार है पुष्पेंद्र प्रताप सिंह कप्तान दीपक कुमार अमन मिश्रा श्री गोड आयुष चौबे आदित्य कुमार सनी कनौजिया सभी जनपद प्रयागराज से अनिकेत विश्वकर्मा जनपद फतेहपुर से दीपक कुमार नीरज कुमार लालमन जनपद कौशांबी से सुजीत कुमार जनपद प्रयागराज से आरक्षित खिलाड़ी में यश सिंह प्रथमेश यादव नमन पांडे शिव सिंह सभी जनपद प्रयागराज से टीम मैनेजर के रूप में अतुल सिंह को नियुक्त किया गया उक्त टीम सब जूनियर बालक हैंडबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभा करने के लिए अयोध्या के लिए रवाना हो चुकी है टीम के चयन पर मदन मोहन मालवीय स्टेडियम के कोच संजय श्रीवास्तव अतुल सिंह योगराज मिश्रा बद्रीनाथ दीक्षित सचिन रावत आदि उपस्थित रहे।


## कार्यालय नगर पंचायत अझुवा,- कौशाम्बी

पत्रांकः 638/न0 पं0 अ0/निविदा सूच0/ 2023-24 **निविदा सूचना** दिनांकः 19/02/2024

नगर पंचायत अझुवा जनपद कौशाम्बी में समस्त पंजीकृत/नवीनीकृत/अन्य फर्मो एवं ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत अझुवा को वित्तीय वर्ष 2023-24 में नगरीय झील/तालाब/पोखर संरक्षण योजना के अन्तर्गत प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृत की धनराशि 89.96 लाख रू0 के सापेक्ष मु. 45.00लाख रूपये की प्रथम किस्त प्राप्त हुई है। प्राप्त/स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष कराये जाने वाले कार्यो हेतु दिनांक 20.02.2024 से दिनांक 11.03.2024 को दोपहर 12.00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत अझुवा कौशाम्बी में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा मूल्य नगद कार्यालय में जमा कर रसीद प्राप्त करें और 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0 निविदा के साथ संलग्न कर उसी दिन दिनांक 11.03.2024 को दोपहर 12.00 तक कार्यालय में रखे शील बाक्स में डाला जाना अनिवार्य है। सभी निविदाओं को उसी दिन दिनांक 11.03.2024 को अपरान्ह 03.00 बजे अधिशासी अधिकारी व अध्यक्ष के समक्ष नगर पंचायत अझुवा कार्यालय में खोली जायेगी। यदि निविदा खुलने के दिन कोई अवकाश होता है। तो निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।। निविदा के साथ 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि नगद अथवा राष्ट्रीकृत बैंक द्वारा जारी एफ0डी0आर0 /एन0एस0सी0 जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अझुवा के पदनाम से बंधक ही मान्य होगी। 10 रूपये के स्टाम्प पर शपथ पत्र देना होगा कि आपके विरूद्ध कोई अभियोग या कही ब्लैक लिस्ट तो नही है। कार्य प्रारम्भ के पूर्व निर्धारित 100 रूपये के स्टाम्प पर नियमत: अनुबन्ध करना अनिवार्य होगा। ठेकेदार/फर्म के द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्य/लायी गयी सामग्री के दौरान किसी भी प्रकार की क्षति/दुर्घटना के लिए नगर पंचायत अझुवा, कौशाम्बी जिम्मेदार नही होगी। इसके लिए समस्त जिम्मेदारी ठेकेदार/फर्म की होगी। जी0एस0टी0 नम्बर, हैसियत प्रमाण पत्र एवं चरित्र प्रमाण पत्र की स्व -प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। ठेकेदार फर्म द्वारा टेण्डर आगणन दर से कम पर डाला जाता है तो संयुक्त सचिव उ0प्र0 शासन नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 07 जनवरी 2022 के द्वारा जारी पत्र का अनुपालन करना अनिवार्य होगा जो बिलों रेट होने पर निष्पादन सुरक्षा (Permormance Security) जमा करने से सम्बंधित है। किसी भी कार्य का भुगतान सक्षम स्तर से सत्यापन के पश्चात ही किया जायेगा। इस योजना से कराये जाने वाले कार्यो का भुगतान धन की उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा। निविदा डालने के पूर्व समस्त नियम/शर्तो को भली-भाँति कार्यालय से जानकारी कर लें, किसी भी त्रुटि के निकाय जिम्मेदार नही होगी। समस्त अथवा किसी भी निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदा प्रपत्र निविदा खुलने से एक दिन पूर्व किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा संबंधी पूर्ण एवं विस्तृत विवरण टेण्डर प्रपत्र एवं सभी शर्तो का प्रपत्र आदि की जानकारी कार्यालय नगर पंचायत अझुवा के लेखा लिपिक से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**कराये जाने वाले कार्यो का विवरण**

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत जी0एस0टी0 सहित | धरोहर धनराशि 10 प्रतिशत (FDR/NSC/ नगद) | निविदा मूल्य GST सहित (नगर/RTGS) | कार्य पूर्ण करने का समय | मद का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड नं0 3 शान्तीनगर के तालब में मिट्टी खुदाई एवं भराई का कार्य। | 471056.00 | 47106.00 | 944.00 | 6 माह | नगरीय झील/तालाब पोखर संरक्षण योजना |
| 2. | वार्ड नं0 3 शान्तीनगर के तालब के किनारे इण्टरलाकिंग मार्ग का निर्माण कार्य। | 932890.00 | 93289.00 | 1416.00 | 6 माह | |
| 3. | वार्ड नं0 3 शान्तीनगर के तालाब के किनारे बारबेड से वायर फ्रेसिंग का निर्माण कार्य। | 380594.00 | 38060.00 | 826.00 | 6 माह | |
| 4. | वार्ड नं0 5 अजमतपुर के तालाब में मिट्टी खुदाई एवं भरायी का कार्य। | 445568.00 | 44557.00 | 944.00 | 6 माह | |
| 5. | वार्ड नं0 5 अजमतपुर के तालाब के किनारे इण्टर लाकिंग मार्ग का निर्माण कार्य। | 957833.00 | 95783.00 | 1534.00 | 6 माह | |
| 6. | वार्ड नं0 5 अजमतपुर के तालाब के किनारे बारबेड से वायर फ्रेंसिंग का निर्माण कार्य। | 380594.00 | 38060.00 | 826.00 | 6 माह | |
| 7. | वार्ड नं0 6 कृष्णानगर के तालाब में मिट्टी खुदाई एवं भरायी का कार्य। | 457292.00 | 45729.00 | 944.00 | 6 माह | |
| 8. | वार्ड नं0 6 कृष्णानगर के तालाब के किनारे इण्टर लाकिंग मार्ग का निर्माण कार्य। | 947856.00 | 94786.00 | 1416.00 | 6 माह | |
| 9. | वार्ड नं0 6 कृष्णानगर के तालाब के किनारे बारवेड से वायर फ्रेंसिंग का निर्माण कार्य। | 380594.00 | 38060.00 | 826.00 | 6 माह | |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत अझुवा**
**कौशाम्बी**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत अझुवा**
**कौशाम्बी**


# बाल श्रम उन्मूलन आदि की समीक्षा बैठक आयोजित

## डीएम के स्थान पर एडीएम एफआर प्रयागराज ने की अध्यक्षता



**प्रयागराज।** श्रम विभाग प्रयागराज द्वारा पूर्व में जारी एजेंडानुसार विकास भवन सभागार में बालश्रम तथा बंधुआ श्रम उन्मूलन समितियों की बैठक आहूत हुई जिसकी अध्यक्षता विनय कुमार सिंह अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रयागराज ने की। बैठक का संचालन लालाराम सहायक श्रमायुक्त प्रयागराज मंडल ने किया,,विस्तार पूर्वक एजेंडों पर चर्चा हुई। श्री सिंह ने विभिन्न पहलुओं पर तहकीकात कर विचाराधीन और सरकार द्वारा जारी योजनाओं को पात्रों तक पहुंचने का निर्देश दिया। तथा श्रम उन्मूलन आदि पर मामलों के निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने सभी उपस्थित श्रम विभाग के अफसरों,समिति के सभी सदस्यों का परिचय लिया। और सुझाव लिया। बैठक में बैंक, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा, पुलिस तथा अन्य सभी विभाग के अधिकारी अखिल भारतीय प्रधान संगठन प्रयागराज मंडल के मंत्री पत्रकार अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे जिला निगरानी समिति सतर्कता बंधुआ श्रम उन्मूलन श्रम विभाग के सदस्य भी मौजूद रहे। श्री शहजादे ने बैठक के अध्यक्ष से ग्राम सभाओं में दुरपयोग हो रही ग्राम समाज की जमीनों पर गरीब श्रमिकों भूमि हिनो को अविलंब कृषि और आवासीय आवंटन कर उन्हे समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रस्ताव रखा। जिसे श्री सिंह ने प्रधान लीडर से माग पत्र मांगा। मांग पत्र को एडीएम वित्त राजस्व कार्यालय में सौंपा। जिसे जिले के एसडीएम कोरांव सहित सभी उप जिलाधिकारी गणों को आवंटन कार्यवाही का पत्र जारी किया। और भू माफियाओं के विरुद्ध कार्यवाही का आश्वासन भी ग्राम प्रधान को दिया।


## प्रेस विज्ञप्ति

सर्व धारण को सूचित किया जाता है कि जनपद के राजकीय कृषि कृषि प्रक्षेत्रों कोखराज, गौसपुर टिकरी एवं राजकीय कृषि प्रक्षेत्र प्रतापगढ़ के रबी 2023 उत्पादित छानस की नीलामी दिनांक 17-2-2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे राजकीय बीज विद्यापन संयन्त कोखराज पर थी अपरिहार्य कारणों से नहीं हो पाई। यह नीलामी अब दिनांक 20-02-2024 को पूर्वान्ह 11:00 बीज विधापन संयन्त्र कोखराज पर होगी । नीलामी की नियम व शर्ते यथावत रहेगी।

**जिला कृषि अधिकारी**
**कौशाम्बी।**

## अदालती सूचना

**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**सराय अकिल तहसील चायल**
**जनपद कौशांबी**
**मुकदमा वाद संख्या**
**202102420504752**
**विजय कुमार बनाम विनय कुमार**

उपरोक्त मुकदमे में मुकदमा वादी पुनर्स्थापना कर्ता मोहम्मद रसीद अहमद पुत्र सईद अहमद निवासी घोसिया तहसील चायल जनपद कौशाम्बी ने एक नालिश मुकदमा 34 उत्तर प्रदेश रा सं न्यायालय नायब तहसीलदार सराय अकिल तहसील चायल जनपद कौशांबी की अदालत में दायर किया है अदालत ने विपक्षी विजय कुमार पुत्र रामचन्द्र केशरवानी निवासी सराय अकिल व पुष्पा देवी पत्नी विनय कुमार जायसवाल निवासी कटरा सराय अकिल परगना व तहसील चायल जनपद कौशाम्बी को निर्देशित किया है कि वह 26 फरवरी 2024 को समय 10:00 बजे स्वयं अथवा जरिए अधिवक्ता न्यायालय में उपस्थित हो जवाब देही दावा करें अनुपस्थित रहने पर एक पक्षीय रूप से मुकदमे को सुना जाएगा और निस्तारित किया जाएगा ।

**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**सराय अकिल तहसील चायल**
**जनपद कौशांबी**
**हस्ताक्षर मुद्रा सहित जारी**


# धूमधाम से मनाया गया परिवर्तन समाज पार्टी का स्थापना दिवस




**प्रयागराज।** परिवर्तन समाज पार्टी का स्थापना दिवस समारोह प्रयागराज के सरदार पटेल संस्थान अलोपीबाग में धूमधाम से मनाया गया समारोह के मुख्य अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंद किशोर साहू जी रहे। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय महासचिव कृष्ण कुमार साहू,प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद गुप्ता,प्रदेश संगठन मंत्री भोला नाथ सोनकर ,प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष गुप्ता,विधि प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण मणि गुप्ता जी रहे। समारोह का संचालन गंगा राम गुप्ता ने किया। उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा की हमारी पार्टी में पिछड़ों,दलितों और अल्पसंख्यकों का हमेशा सम्मान देने का कार्य हुआ है। और आगे भी सम्मान दिया जाएगा आगामी लोकसभा के चुनाव में हमारी पार्टी उत्तर प्रदेश की 10 सीटो पर पूरे दम खम से चुनाव लडेगी। जिसमे प्रयागराज, मिजार्पुर, फूलपुर, कौशांबी, भदोही, फतेहपुर, कानपुर, बंदायु, जौनपुर, झांसी की सीटें प्रमुख रूप से है। इन जिलों में हमारे पार्टी के लोकसभा प्रभारी भी घोषित कर दिए गए है। जल्द ही प्रत्याशी की भी घोषणा कर दी जाएगी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने उपस्थित पार्टी के कार्यकताओं और पदाधिकारियों को लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने की अपील किया। प्रदेश संगठन मंत्री भोला नाथ सोनकर ने भी उपस्थित लोगो को पार्टी के नीतियों को बताते हुए कहा की वर्तमान सरकार से हम सभी को लोकतंत्र को बचाना है नही तो वह दिन दूर नही जब हमारे संविधान को भी बदल दिया जाएगा। इस दौरान प्रमुख रूप से लल्लन प्रसाद गुप्ता, सत्य प्रकाश सोनकर, लालता जैसल, संजय विश्वकर्मा, सेठ लाल गुप्ता, राम प्रकाश गुप्ता, दीपचंद गुप्ता, मुकेश राठौर, उदयवीर राठौर, इंजीनियर संगम लाल गुप्ता, तेज बहादुर गुप्ता, अंजनी गुप्ता, रामबहादुर गुप्ता, भरत लाल गुप्ता, नंद लाल गुप्ता, डाक्टर सुख लाल साहू, अशोक कुमार गुप्ता, राम मिलन गुप्ता, पशुपति नाथ गुप्ता, बेचन गुप्ता, गोरे लाल गुप्ता,काशी यादव आदि उपस्थित रहे।

# मोदी खुद सरकार चलाने लायक नहीं, चंद पूजीपतियों के हाथ कैद है देश की तिजोरीः राहुल गांधी

## रामपुर खास में भारत जोड़ों न्याय यात्रा को लेकर राहुल गांधी का हुआ स्वागत

### राहुल ने मोदी सरकार की नीतियों पर बोला जोरदार हमला

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा आज पूर्वान्ह लगभग दस बजे प्रतापगढ़ पहुंची। यहां भंगवा चुंगी, चैक घंटाघर, अम्बेडकर चैराहा, मीरा भवन होते हुए लालगंज पहुंची। प्रतापगढ़-लालगंज के बीच में जगह-जगह लोग खडे थे जिन्हें हाथ हिलाकर राहुल गांधी ने अभिवादन स्वीकार किया। यहां से वह लालगंज पहुंचे, जहां आई भीड़ को देखकर राहुल गांधी ने अपनी ही गाड़ी पर खडे होकर माइक संभाल लिया और सरकार पर जमकर बरसे।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार हक और अधिकार की आवाज उठने पर ईडी, सीबीआई, प्रवर्तन दल के जरिये देश में भय का माहौल बनाये हुए है। इससे लोकतंत्र कमजोर हो रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में किसानों को दर्द झेलना पड़ रहा है तो देश के नौजवानों को बेरोजगारी की पीड़ा उनमें हीन भावना पैदा कर रही है। राहुल गांधी ने कहा कि मणिपुर से निकली यह भारत जोड़ों न्याय यात्रा मोदी के नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने में जिस तरफ सफल हो रही है। उससे मोदी सरकार के पूंजी पति सेक्टर के साथ सरकार चलाने वाले दो तीन लोग हतास है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी खुद को पिछड़ा वर्ग की जाति से जोड़ रहे है जबकि प्रधानमंत्री मोदी का जन्म सामान्य वर्ग में हुआ था। जातिगत गणना की बात कांग्रेस करती है तो प्रधानमंत्री मोदी पिछड़े वर्ग से अपने जुडाव को स्वीकार नही कर पा रहे हैं। उन्होंने मोदी पर यह भी चुटकी ली की वह सिर्फ भाषण देना जानते है। राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को खुद सरकार चलाने की समक्ष नही है।

राहुल गांधी ने कहा कि दुनिया में हमारे देश की छवि सोने की चिड़िया की है पर देश का किसान और नौजवान तथा करीब अपनी माँ से सोने का एक प्रतिशत में हासिल नही कर पाया। जनसभा में राहुल गांधी के भाषण के दौरान खुली जीप पर राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना की भी मौजूदगी लोगों में जोश बढाती दिखी। लालगंज के साथ रामपुर खास की सीमा धधुआगाजन में राज्य सभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने राहुल गांधी का स्वागत किया। वही क्षेत्रीय विधायक तथा कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने रामपुर खास में भारत जोड़ों यात्रा के लिए राहुल गांधी का क्षेत्रीय जनता की ओर से आभार जताया। जनसभा का संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने किया। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया त्रिनेत, राज्यसभा सदस्य इमरान प्रतापगढ़ी, कांग्रेस विधायक वीरेन्द्र चैधरी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ० लालजी त्रिपाठी, प्रदेश महासचिव मुकुन्द तिवारी, डॉ० नीरज त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।



लोगों का अभिभावदन स्वीकार करते राहुल गांधा।

### डीएम एसपी ने भी लिया सुरक्षा प्रबंधों का जायजा

लालगंज, प्रतापगढ़। भारत जोड़ों न्याय यात्रा में राहुल गांधी के लालगंज क्षेत्र में कार्यक्रम को लेकर जिले के डीएम व एसपी को भी अलर्ट देखा गया। डीएम संजीव सरन तथा एसपी सतपाल अंतिल ने राहुल गांधी के लालगंज पहुंचने के ठीक पहले लालगंज से सांगीपुर तक भ्रमण कर सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया। जिले के एएसपी पश्चिमी संजय राय ने भी भारी फोर्स के साथ व्यवस्था की कमान संभाल रखी थी। एसडीएम लालधर सिंह यादव तथा सीओ रामसूरत सोनकर भी मुस्तैद दिखे।

## पहली पत्नी को अंधेरे में रखकर पति बनने चला था दूसरी पत्नी का दूल्हा

### जानकारी होने पर पहली वाली पत्नी पहुंची वकील के साथ नवाबगंज थाना

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** जनपद के नबाबगंज थाना क्षेत्र के कडरौ लाला का पुरवा निवासी विक्रांत पटेल पुत्र प्यारेलाल पटेल का प्रेम विवाह लगभग 8 साल पहले जनपद रायबरेली थाना सलवन के इटाहा मजरे कमालापुर निवासी सुशीला देवी के साथ हुई थी। दोनों पति पत्नी के बीच एक बेटा भी है जिसका नाम राजकुमार है।

अचानक दोनो पति पत्नी के बीच किसी बात को लेकर मनमुटाव व अनबन होने के कारण मामला न्यायालय में पहुँच गया। मामला न्यायालय मे विचाराधीन होने के बाबजूद पहले पत्नी के पति विक्रांत पटेल ने अपनी पहली पत्नी सुशीला देवी को गुमराह करते हुए बिना बताए 18 फरवरी 2024 को थाना नबाबगंज क्षेत्र के रेवली गाँव निवासी छोटेलाल पटेल के यहा उसकी पुत्री के साथ गुप चुप तरीके से शादी के लिए गिने चुने बारातियों के साथ जाने की तैयारी करने लगा जिसकी भनक मिलते पहली पत्नी सुशीला देवी को लग गई जो अपने वकील, पिता के साथ मौके पर पहुंचकर हाई बोल्टेज ड्रामा शुरु कर दिया, जिससे बारातियों मे अफरा तफरी मच गई जिससे हंगामा खड़ा हो गया। पीड़िता विवाहिता सुशीला ने पूरे प्रकरण की जानकारी 112 नंबर व थाना प्रभारी नबाबगंज को फोन के साथ लिखित तहरीर दी पुलिस वकील के पहुंचने पर बारातियों में भगदड़ मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस कुछ खास लोगों को पूछताछ के लिए थाने ले गई। इस बाबत जानकारी करने पर नवाबगंज थाना प्रभारी धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि पति पत्नी के बीच का विवाद न्यायालय मे चल रहा है जो गैर कानूनी तरह से पहली पत्नी को बिना बताये दूसरी शादी करने जा रहा था। पहली पत्नी सुशीला ने थाने मे आकर तहरीर दिया जिस पर थाना क्षेत्र के रेवली गांव पहुँचे जंहा सुशीला का पति विक्रांत पटेल मौके पर नहीं मिला जिससे बारात रेवली गांव नही पहुंची, लेकिन पुलिस पहुंच गई। दोनो गांव मे उक्त घटना चर्चा का विषय बना हुआ है।

## आरएसएस द्वारा आयोजित हुआ बाल शिविर

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** कालाकांकर खण्ड के जनता इंटर कॉलेज आलापुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का दो दिवसीय बाल शिविर आयोजित हुआ। इस शिविर में कुण्डा जिले के आठ खण्ड व दो नगरों से कुल 190 बाल उपस्थित रहे। बाल शिविर का उद्घाटन श्रीमान प्रवेश जी विभाग प्रचारक जी द्वारा किया गया। विभाग प्रचारक ने बाल स्वयंसेवक के अन्दर कैसे संस्कार आये एवं संस्कार के साथ बच्चे अपने देश समाज के हित में कैसे बहादुरी के साथ कार्य करते है। कई वीर बालको की कहानी सुना कर बच्चो को उत्साहित किये। कहानी में ध्रुव की प्रह्लाद की फतेह सिंह व जोरावर की कहानी बताए। इस अवसर पर देवेन्द्र प्रताप, अजय, मधुकर, नितेश, विशाल, पीयूष, आदित्य, संतोष, सतीश कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



बाल शिविर में मौजूद बालक।

## साकेत गर्ल्स पीजी कालेज में एनएसएस शिविर का हुआ शुभारंभ

### छात्राओं ने प्रस्तुत किया साई वंदना व स्वागत गीत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** दहिलामऊ स्थित साकेत गर्ल्स पी०जी० कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का शुभारम्भ महाविद्यालय की छात्राओं कु० नेहा सिंह, सलोनी गौड़ एवं मुस्कान गुप्ता द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वन्दना, साई वन्दना एवं स्वागत गीत के साथ किया गया।

इस अवसर पर अनन्त प्रकाश शुक्ला प्रवक्ता बी०एड्० विभाग द्वारा इस शिविर के सात दिनों के कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा की गई जिसमें १९ फरवरी को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता कार्यक्रम, २० फरवरी को पर्यावरण प्रदूषण एवं प्रौढ़ शिक्षा के प्रति जागरूकता, २१ फरवरी को यातायात के प्रति जागरूकता एवं बर्डफ्लू तथा डेंगू बीमारी के प्रति जागरूकता, २२ फरवरी को रक्तदान से जुड़ी भ्रांतियाँ सम्बन्धी जागरूकता, २३ फरवरी को साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता, २४ फरवरी को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता अभियान एवं २५ फरवरी को मतदाता जागरूकता एवं एड्स जागरूकता अभियान के बारे में विस्तृत रूप से छात्राओं को बताया गया। उनके द्वारा छात्राओं से संकल्प लिया गया कि अहम को त्याग कर समाज और राष्ट्र के लिए उपयोगी बने और रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग सुनिश्चित करें। प्राचार्या डॉ० नीलिमा श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय सेवा योजना के मार्गदर्शक सिद्धान्तों को समझाया और बच्चों को दूसरे के लिए जीने का मूलमंत्र दिया। कार्यक्रम के अन्त महाविद्यालय की छात्राओं नेहा सिंह, सलोनी गौड़, मुस्कान गुप्ता एवं अंजली मिश्रा द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रेरक लक्ष्य गीत उठे समाज के लिए उठे गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक अरविन्द श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।



साकेत गर्ल्स पीजी कालेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद प्राचार्या व प्रबंधक।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा में किसानों तथा युवाओं को न्याय की है गारंटीः जयराम रमेश

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** भारत जोड़ों न्याय यात्रा के तहत सोमवार को सांगीपुर के गांधी इंटर कालेज में हुई प्रेस वार्ता में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि भारत जोड़ों यात्रा में राहुल गांधी का संघर्ष तथा देश की जनता के मौलिक अधिकारों की मजबूत आवाज आगामी लोकसभा चुनाव में इण्डिया गंठबंधन के लिए भी सकारात्मक होगी। राष्ट्रीय महासचिव जयराम रमेश ने बताया कि पूरे देश में भारत जोड़ों न्याय यात्रा के सैतीसवें दिन यूपी में जिस तरह से राहुल गांधी के संघर्षो को जनता का समर्थन मिल रहा। उससे यह तय है कि तानाशाही के जरिये सच्चाई को दबाया नही जा सकता है। उन्होने कहा कि कांग्रेस की यह राहुल की न्याय यात्रा देश के किसानों को स्वामीनाथन रिपोर्ट के मुताबिक न्यनूतम समर्थन मूल्य के न्याय दिलाने की गारंटी की न्याय यात्रा है। उन्होने कहा कि बेरोजगारी और मंहगाई के साथ देश को कमजोर बनाने वाली ताकतों से संघर्ष भी इस न्याय यात्रा का प्रमुख उद्देश्य है। प्रेस वार्ता में मौजूद कांग्रेस के यूपी प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने भी भारत जोड़ों यात्रा के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए इस न्याय यात्रा को राहुल गांधी के नेतृत्व में सफल यात्रा ठहराया गया। एक प्रश्न के उत्तर में अविनाश पाण्डेय ने कहा कि इण्डिया गठबंधन को लगातार मजबूती मिल रही है। उन्होने बताया कि एक दो दल जो हाल ही में इधर से उधर हुए है उनके अलावा अभी भी छब्बीस दलो का गठबंधन में मजबूत जनाधार है।

मीडिया के सवाल के जबाब में अविनाश पाण्डेय ने बताया कि यूपी में सपा से कांग्रेस की सीटो के ताल मेल को लेकर सकारात्मक वार्ता जारी है। उन्होने विश्वास जताया कि अखिलेश यादव और राहुल गांधी मिलकर यूपी में इण्डिया गठबंधन की कामयाबी में पूरी तरह सफल होगे। अविनाश पाण्डेय ने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव यूपी में कही न कही राहुल गांधी की न्याय यात्रा में शामिल होगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि उत्तर प्रदेश में राहुल गांधी की न्याय यात्रा को पूरी सफलता मिल रही है।

उन्होने कहा कि न्याय यात्रा को मिल रहे जनता के भारी समर्थन से पार्टी कार्यकर्ताओं का विश्वास संघर्ष में और मजबूत हुआ है। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने राहुल गांधी की भारत जोड़ों न्याय यात्रा को भाजपा के अंहकार तथा एजिन्सियों के दुरूपयोग सहित बेरोजगारी तथा मंहगाई से त्रस्त देश के लोगों का भाजपा को सत्ता से बेदखल करने का भी पैगाम साबित होगा। कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने राहुल गांधी की न्याय यात्रा को जनता के अधिकार की सुरक्षा के लिए एतिहासिक करार दिया। प्रेस वार्ता के दौरान राज्यसभा सदस्य इमरान प्रतापगढ़ी तथा कांग्रेस विधायक वीरेन्द्र चौधरी, प्रदेश महासचिव मुकुन्द तिवारी व पार्टी जिलाध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी, डॉ0 नीरज त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

## सीबीएसई की इंटर हिन्दी में 1041 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

### न्यू एंजिल्स सहित सात परीक्षा केन्द्रों पर हुई परीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सीबीएसई की आज इंटर में हिन्दी की परीक्षा सात परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न हुई जिसमें कुल 1070 परीक्षार्थी पंजीकृत छात्र-छात्राओं में 29 अनुपस्थित रहे। केवल 1041 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इसमें न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में कोई परीक्षार्थी अनुपस्थित नहीं हुआ। यहां 129 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें सभी उपस्थित हुए।

इसके अलावा आइंस्टीन पब्लिक स्कूल में 103 में दो अनुपस्थित, नागेशदत्त पब्लिक स्कूल में 163 में दो अनुपस्थित, डाल्फिन पब्लिक स्कूल में 296 में आठ अनुपस्थित, संगम इंटरनेशनल स्कूल में पंजीकृत 219 में दो अनुपस्थित, संस्कार ग्लोबल स्कूल में पंजीकृत 386 में 11 अनुपस्थित व जवाहर नवोदय विद्यालय में पंजीकृत 174 परीक्षार्थियों में 4 अनुपस्थित रहे। उक्त जानकारी सीबीएसई परीक्षा के कोआर्डिनेटर वीके सोनी तथा न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल की चेयरपर्सन डा0 शाहिदा ने दी।



न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल से परीक्षा देकर बाहर निकलते परीक्षार्थी

## रास्ते को दीवार बनाकर बाधित करने की कोशिश

### पुलिस ने रुकवाया काम, नहीं हो सकता था विवाद

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के सिया गांव मे पीढ़ियों पहले बने रास्ते पर दीवार बनाकर रास्ता बंद करने का मामला प्रकाश मे आया है। दीवार बनाते देख ग्रामीणों ने पहले मना किया लेकिन जब काम नही रुका तो पुलिस को सूचना दिया। सूचना पाकर पहुंची बाघराय पुलिस ने एहतियात बरतते हुए काम बंद करवा दिया और दोनों पक्षों से अपने अपने दस्तावेज और राजस्व विभाग की रिपोर्ट दिखाने की बात कही है।

बता दें कि दो दिन पूर्व सिया गांव के कुछ लोगों ने दशकों पुराने रास्ते को यह कहकर बंद करना चाहा की रास्ता उनकी भूमिधरी जमीन से निकलता है इसलिए वो बंद करवा रहे है। पहले तो ग्रामीणों ने दशकों पुराने रास्ते का हवाला देकर काम बंद करने को कहा लेकिन जब वह नही माने तो पुलिस को सूचना दिया। पुलिस ने मामले की नजाकत देखते हुए काम बंद करवा दिया और राजस्व विभाग की रिपोर्ट मांगा। उधर गांव के प्रधान राम कुमार यादव का कहना है की रास्ता पीढ़ियों पहले से मौजूद है और 50 परिवारों के निकलने का रास्ता है तो इस पर निर्माण नही करवाया जा सकता लेकिन दूसरा पक्ष अभी भी रास्ते को अपनी भूमिधरी बता रहा है। थाना प्रभारी ने दोनो पक्षों को समझा बुझाकर मामला शांत करवा दिया और अपने दस्तावेजों को लेखपाल से अग्रसारित करवाने को कहा ताकि किसी भी पक्ष का नुकसान न हो और गांव का रास्ता भी बहाल रहे। प्रधान ने एसडीएम से नाप कटवा कर रास्ते को बचाने की बात कही है।



रास्ते पर दीवार बनाने को लेकर जुटी भीड़।

## विवाहिता की मौत को लेकर पति समेत ससुरालीजनों पर दहेज हत्या का मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर पुलिस ने दहेज हत्या को लेकर ससुरालीजनों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के भैसना गांव निवासिनी काजल की ससुराल में रविवार की रात मौत को लेकर पिता दिनेश सिंह पुत्र समर बहादुर सिंह निवासी सिसनी भुवालपुर नसीराबाद रायबरेली की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज जांच शुरू की है। मृतका के पिता ने सोमवार को थाने पर तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि उसकी लडकी काजल की शादी बीते 2014 में चंद्रभान सिंह पुत्र किसन सिंह निवासी भैसना के साथ हुई थी। विदाई के तीन माह बाद पति चन्द्रभान ससुर किशन सिंह, सास शकुंतला देवी, जेठ उदयभान सिंह, जेठानी ज्योति सिंह एक राय होकर 10 लाख रुपए दहेज लाने के लिए दबाव डालने लगे। इसे लेकर ससुरालीजन आए दिन काजल के साथ मारपीट कर उसे प्रताणित करने लगे। शनिवार को शाम आरोप है कि ससुरालीजनों ने मायके में फोन कर दहेज की मांग की। तहरीर में आरोप लगाया है कि रविवार रात में उदयभान परिवार के साजिश से काजल को मार डाला, और फोन पर सूचना दिया कि तुम्हारी लड़की की मौत हो गई है।

# २४वें महाकाल महोत्सव का केन्द्रीय विषय रामराज्य व समान नागरिक कानून होगा

### 25 फरवरी को महोत्सव के कार्यक्रमों को दिया जायेगा अन्तिम रूप

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध पांडव कालीन भयहरणनाथ धाम में 24 वें महाकाल महोत्सव (06 मार्च से 09 मार्च 2024 तक) का केन्द्रीय विषय रामराज्य व समान नागरिकता कानून होगा। इसी विषय पर विविध धार्मिक व सामाजिक तथा सांस्कृतिक आयोजन भयहरणनाथ धाम क्षेत्रीय विकास संस्थान द्वारा भव्यता के साथ गत वर्षों की भांति मनाया जायेगा। महोत्सव में विश्वनाथगंज विधायक जीत लाल पटेल, फाफामउ विधायक गुरू प्रसाद मौर्य, विधान परिषद् सदस्य निर्मला पासवान तथा नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार मुन्ना यादव ने सहभागिता के साथ साथ समाज के इस कार्य में हर सम्भव सहयोग का वायदा किया है। आगामी 25 फरवरी को महोत्सव व मेला के कार्यक्रमों को अन्तिम रूप दिया जायेगा। इस सम्बन्ध में उपाध्यक्ष प्रशासन बबन सिंह की अध्यक्षता में प्रबन्ध समिति द्वारा हुई बैठक में सर्वसम्मति से तय हुआ कि गत वर्षों 24 वर्षों से जिस स्थान पर जो जो परम्परागत गतिविधियां होती रहीं हैं वह वहीं आयोजित होगीं। नई परम्परा नही बनाई जायेगी। महासचिव समाज शेखर ने सभी अवगत कराया कि कुछ अराजकतत्व, नशाकारोबारी व निजी लाभ हेतु प्रयासरत भू माफिया लोग कार्यक्रम में अवरोध डालने हेतु तरह तरह के अफवाह व प्रयास करते हैं। जिस पर सर्वसम्मति से तय हुआ कि धाम में सभी का स्वागत है। परन्तु व्यवस्था विगाडने की इजाजत किसी को नही है। समाज व सरकार द्वारा व्यवस्था में निर्धारित मेला व मन्दिर व्यवस्था से जुडे व्यक्ति व सदस्य ही अपनी सेवायें परिचय पत्र के साथ दे सकेगें। इस अवसर पर विवेक सिंह, यथार्थ शेखर, शिवमूति मिश्र, कमलेश पाण्डेय व माली संघ के प्रदीप, पुजारी सीताराम मौर्य, महन्त विच्छू दास महराज, मन्दिर की सेविका घनपतिया देवी व सतीश महराज जमुआ आदि ने प्रतिभाग किया।



भयहरणनाथ धाम में आयोजित बैठक में मौजूद पदाधिकारीगण।

# कौशाम्बी जनपद में हो रहा निवेश बदल रहा परिवेश

## 59 निवेशकों के 672.95 करोड़ रुपए निवेश को किया गया सम्मिलित, जनपद स्तरीय ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी @4.0 का किया गया आयोजन



**कौशाम्बी।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को इन्दिरा गाँधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में आयोजित ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी/ 4.0 का शुभारम्भ किया। इसका सजीव प्रसारण उदयन सभागार कलेक्ट्रेट, तहसील सिराथू सभागार एवं तहसील चायल सभागार में आयोजित जनपद स्तरीय ह्लग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी @4.0 कार्यक्रम में किया गया तथा उपस्थित जनप्रतिनिधियों व अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुना।कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी राजेश कुमार राय, मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य, उप जिलाधिकारी मंझनपुर आकाश सिंह,क्षेत्राधिकारी चायल मनोज कुमार सिंह रघुवंशी एवं संजय जायसवाल आदि गणमान्य उपस्थित रहें। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने कलेक्ट्रेट परिसर में लगाये गये स्टालों का फीता काटकर शुभारम्भ तथा अवलोकन किया।

तहसील चायल सभागार में सासंद हरदोई जय प्रकाश रावत एवं उप जिलाधिकारी सौम्य मिश्र तथा तहसील सिराथू सभागार में प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख सिराथू लवकुश मौर्य व उप जिलाधिकारी महेन्द्र कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहें उपायुक्त उद्योग के0के0 अमर ने कहा कि जनपद कौशाम्बी में ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी में 59 निवेशकों के रू0-672.95 करोड़ निवेश को सम्मिलित किया गया है, जिससे जनपद में 3382 रोजगार सृजन होगा। इनमें से 22 निवेशकों, जिनके द्वारा रू0-552.07 करोड़ निवेश तथा 1663 रोजगार सृजन होगा,वे निवेशक (जिन निवेशकों द्वारा 10 करोड से अधिक का निवेश किया गया है) इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान,लखनऊ के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उन्होंने कहा कि 10 करोड़ से कम निवेश करने वाले 37 निवेशक,जिनके द्वारा रू0-120.88 करोड़ निवेश तथा 1719 रोजगार सृजन होगा, जनपद मुख्यालय एवं विधानसभा मुख्यालय के कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए। इस निवेश से जनपद में औद्यागिकीकरण को बढ़ावा मिलेंगा तथा इसके साथ ही जनपद के विकास में भी सहायक सिद्ध होगा। उन्हांने कहा कि जनपद में वृहद स्तर पर निवेश से जनपद कौशाम्बी का परिवेश बदल रहा है। उपायुक्त उद्योग ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में औद्योगिक विकास में गति प्रदान करने, प्रतिभा पलायन को रोकने एवं रोजगार सृजन के अवसर को स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध कराने के साथ ही साथ वोकल फॉर लोकल को वैश्विक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से विगत वर्ष 11 से 12 फरवरी 2023 को प्रदेश के प्रत्येक जनपदों में निवेश को आकर्षित करने के लिए जनपद स्तरीय निवेश कुम्भ का आयोजन किया गया था, जिसके अन्तर्गत जनपद में विभिन्न सेक्टर्स में बढ़ चढ़ कर समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये गयें जनपद कौशाम्बी में शासन एवं प्रशासन के समन्वय से निवेश के इच्छुक निवेशकों को विभिन्न विभागों के माध्यम से प्राप्त होने वाली अनापत्तियों/लाइसेंस को सुगमतापूर्वक निर्गत कराया जा रहा है, जिसके कारण जनपद में उद्योगों को बढ़ावा मिल रहा है। इसी के दृष्टिगत जनपद कौशाम्बी में 02 औद्योगिक आस्थान स्थापना किये जाने की ओर प्रकियाधीन है, इनमें जनपद के मंझनपुर तहसील के गौसपुर टिकरी एवं भेलखा में ग्राम समाज की 63.13 हे0 भूमि तथा जनपद के सिराथू तहसील में सुल्तानपुर ख्वाजा कड़क में 52 बीघा भूमि का चिन्हांकन कर औद्योगिक आस्थान की स्थापना के लिए कार्यवाही की जा रहीं है। यहां पर निवेशकों को आसानी से भूमि उपलब्ध कराये जाने का प्राविधान किया जायेगा।

## डीएम को हकीकत से गुमराह कर बोर्ड परीक्षा की बैठक संपन्न कराने में फिर सफल हुए डीआईओएस

**तमाम इस तरह के विद्यालयों को बोर्ड परीक्षा केंद्र बनाया गया है जिनकी मान्यता ही सवालों के घेरे में है**

**कौशाम्बी।** यूपी बोर्ड परीक्षा की व्यवस्था कौशाम्बी में एक बार फिर सवालों के घेरे में है जिला अधिकारी को गुमराह करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक ने बोर्ड परीक्षा की बैठक संपन्न कर ली है बीते बोर्ड परीक्षा की तरह इस वर्ष भी उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा में आयोग्य शिक्षकों के हाथ कक्ष निरीक्षक और आयोग्य प्रधानाचार्य के हाथ केंद्र व्यवस्थापक की जिम्मेदारी सौंप कर शिक्षा माफियाओं को मंसूबे में सफल होने के आशीर्वाद देते हुए कथित नकल बिहीन बोर्ड परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी है जिनके पास शिक्षकों की योग्यता नहीं है उन्हें जिम्मेदारी बोर्ड परीक्षा की सौपी जा रही है आरोग्य शिक्षकों के हाथ बोर्ड परीक्षा की जिम्मेदारी सौपने की शिक्षा विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है बोर्ड परीक्षा नियमावली की अनदेखी कर आयोग्य शिक्षकों को कैसे कक्ष निरीक्षक की जिम्मेदारी सौंपी जा रही है आखिर इनसे कैसे पारदर्शी तरीके से नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने में शिक्षा विभाग सफल होगा यह सवालों के घेरे में है लेकिन गलत लोगों को कक्ष निरीक्षक बनाए जाने और गलत लोगों को केंद्र व्यवस्थापक बनाए जाने का यह मामला बेहद गंभीर है और इस मामले में शिक्षा विभाग के अधिकारी सवालों के घेरे में है लेकिन बोर्ड परीक्षा में इन सवालों पर अभी तक जांच कर व्यवस्था सुधारने का प्रयास नहीं किया गया है। बोर्ड परीक्षा में धांधली की हकीकत उजागर ना हो इसके भरसक प्रयास शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा किए जाते हैं पत्रकारों के प्रवेश पर भी बोर्ड परीक्षा केंद्र में रोक लगा दी जाती है जबकि सरकार की ओर से इस तरह की कोई गाइडलाइन नहीं है आम जनता तक बोर्ड परीक्षा के अंदर की हकीकत पहुंचने से रोकने की पूरी कोशिश शिक्षा विभाग और उनके अधिकारी करने का प्रयास करते हैं कानून नियम के विपरीत बोर्ड परीक्षा केंद्र में केंद्र व्यवस्थापक और कक्ष निरीक्षकों की तैनाती कराकर बोर्ड परीक्षा कराए जाने के पीछे जिला विद्यालय निरीक्षक की मंशा क्या है आखिर बिना योग्यता के बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी लगाने के पीछे विद्यालय संचालक और जिला विद्यालय निरीक्षक की क्या साठगांठ है यह बड़ी जांच का विषय है आयोग से चयनित कितने प्रधानाचार्य उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा में केंद्र व्यवस्थापक बनाए गए हैं यह बड़ी जांच का विषय है और वित्त विहीन विद्यालय के बोर्ड परीक्षा केंद्र बनाए जाने के बाद कितने योग्य शिक्षकों को कक्ष निरीक्षक की जिम्मेदारी दी गई है और कितने कथित शिक्षकों को बोर्ड परीक्षा कराने की जिम्मेदारी देकर कक्ष निरीक्षक बना दिया गया है यह बड़ी जांच का विषय है

बीते वर्ष की बोर्ड परीक्षा की तरह इस बार फिर नकल माफिया बोर्ड परीक्षा में अपने मकसद में सफल होते दिख रहे हैं बोर्ड परीक्षा कराए जाने में हमेशा शिक्षा विभाग सवालों के घेरे में रहा है बीते 18 वर्षों के दौरान कई जिला विद्यालय निरीक्षक बोर्ड परीक्षा के बाद निलंबित किए गए हैं उन पर शिक्षा माफियाओं से साथ गांठ कर नकल न रोकने का आरोप लगा है इस बार भी बोर्ड परीक्षा केंद्र में नकल माफिया और शिक्षा विभाग के अधिकारियों की जुगलबंदी हो चुकी है जो अन्य अधिकारियों को बोर्ड परीक्षा केंद्र के अंदर की हकीकत से गुमराह करने का प्रयास करेंगे इस तरह के तमाम विद्यालयों को बोर्ड परीक्षा केंद्र बनाया गया है जिनकी मान्यता ही सवालों के घेरे में है बोर्ड परीक्षा के संपूर्ण प्रकरण की शासन स्तर से उच्च स्तरीय जांच हुई तो बीते वर्षों की तरह इस वर्ष भी शिक्षा विभाग और शिक्षा माफियाओं के जुगलबंदी का उजागर होना तय है।

## ई-केवाईसी कराये बिना नहीं मिलेगा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ

**कौशाम्बी।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत पंजीकृत लाभार्थियों को प्रतिवर्ष 06 हजार रुपए, दो हजार रुपए की तीन किश्तें सीधे लाभार्थियों के खाते में भारत सरकार द्वारा स्थानान्तरित की जाती है। वर्तमान में शासन द्वारा योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त कर रहें समस्त लाभार्थियों को ई-केवाईसी कराया जाना अनिवार्य कर दिया गया है। यह जानकारी उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी ने देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की आगामी 16वीं किश्त का भुगतान उन्हीं लाभार्थियों को प्राप्त होगा, जिन्होंनें अपनी ई-केवाईसी पूर्ण करा ली है। लाभार्थी अपना ई0के0वाई0सी0 जनसेवा केन्द्र से आधार बेस्ड ओटीपी द्वारा अथवा अपनें क्षेत्र के कृषि विभाग के कर्मचारी से सम्पर्क कर फेसियल ई0के0वाई0सी0 करा सकतें हैं। इसके अतिरिक्त भूलेख अंकन व बैंक खाते का आधार लिंक होना भी अनिवार्य है, जिसके लिये लाभार्थी अपना तहसील द्वारा जारी किये गये खतौनी की छाया प्रति कृषि विभाग के कर्मचारी के माध्यम से उप कृषि निदेशक कार्यालय, मंझनपुर में उपलब्ध करा दें तथा बैंक खाते को आधार से लिंक कराये अथवा इण्डिया पोस्ट पेमेन्ट बैंक में खाता खुलवायें।

## डीजे ने मासूम इकलौते बच्चे को कुचला



**कौशाम्बी।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के अफजल पुर सातों कछार गांव में शनिवार को शाम शादी कार्यक्रम में आए एक डीजे ने एक मासूम इकलौते बच्चे को कुचल दिया है इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई है बच्चे की मौत होने के बाद परिवार में कोहराम मचा है। जानकारी के मुताबिक कड़ा धाम कोतवाली क्षेत्र के अफजलपुर सातों में धर्मराज कोटेदार के घर शादी कार्यक्रम था शनिवार को शादी कार्यक्रम में शैलेंद्र डीजे को बुलाया गया था महिलाएं जश्न मना रही थी इसी बीच डीजे संचालक ने गाड़ी बैक कर दिया गांव का चंद्रपाल गौतम का एकलौता पुत्र अंशु गौतम उम्र 8 वर्ष डीजे की चपेट में आ गया है जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया घायल अंशु को इलाज के लिए सिराथू सरकारी और निजी चिकित्सालय में परिजन ले कर गया लेकिन चोट अधिक लग जाने के कारण चिकित्सक घायल अंशु को नही बचा सके मासूम अंशु की मौत हो गई है मौत होते ही परिवार में कोहराम मच गया है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने अंशु के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है डीजे संचालक मौके से फरार है और मुकदमा न लिखने वा समझौते का दबाव आरोपी द्वारा मृतक परिवार पर बनाया जा रहा है घटना शनिवार की शाम की है दो दिनों तक मामले में डीजे संचालक के विरुद्ध थाना पुलिस ने भी मुकदमा नहीं दर्ज किया है।

## पेड़ से बंधी मिली वृद्ध के लाश की हुई शिनाख्त

**महेवाघाट कौशाम्बी** महेवाघाट थाना क्षेत्र के दक्ष शरीरा चकला गांव के बाहर दो दिनों पूर्व पेड़ से बंधी मिली वृद्ध के लाश की शिनाख्त परिजनों ने कर ली है धर्मपाल निवासी सरधुआ जनपद चित्रकूट के रूप में पेड़ में बंधी लाश की शिनाख्त हुई है उनके बेटे ने धर्मपाल के शव की शिनाख्त कर ली है महेवा घाट कोतवाली क्षेत्र के दक्ष शरीरा चकला में गांव के बाहर दो दिनों पूर्व एक वृद्ध की लाश पेड़ से बंधी हुई थी मृतक के दोनों पैर जमीन पर टिके थे गले में गांठ लगी थी मृतक के गले में फंदा नहीं लगा था लेकिन पुलिस घटना के दिन से मामले को डाइवर्ट कर आत्महत्या का रूप देने का प्रयास कर रही थी मृतक के बेटे ने पिता धर्मपाल की मौत के खुलासे की मांग पुलिस से की है।

## पहली पत्नी व बच्चे के रहते पति ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह मे रचाई दूसरी शादी, पत्नी ने मुख्यमंत्री से लगाई न्याय की गुहार



**कौशाम्बी** सैनी थाना क्षेत्र के अन्तर्गत गुलामीपुर निवासी रामनरेश प्रजापति ने अपनी पुत्री मंजू देवी की शादी 2021 मे सिराथू वार्ड नंबर 4 हौलीपर निवासी बृजेश पुत्र रामपाल से की थी। शादी के बाद सब कुछ समान्य चल रहा था। इधर कुछ दिनों से पति पत्नी के बीच खट पट होने की वजह से मंजू देवी अपने मायके चली गयी थी। तभी पति बृजेश कुमार ने अभी हाल मे ही जनपद मे हुवे मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह मे दूसरी शादी रचा ली। जिसका स्टेटस सोशल मिडिया मे भी खूब वायरल हुवा सोशल मिडिया मे वायरल फोटो और वीडियो के जानकारी होते ही पहली पत्नी मंजू देवी ने मुख्यमंत्री सहित जनपद के उच्च अधिकारियो से प्रार्थना पत्र दे कर न्याय की गुहार लगाई फिलहाल पुलिस जाँच मे जुट गयी है।

**आखिर बिना भौतिक सत्यापन के कैसे हो गयी सरकारी विवाह की स्वीकृति**

**कौशाम्बी** सरकार द्वारा सामूहिक विवाह योजना से जहाँ पर गरीब घरों की लाडली का घर बस रहा है।वही विभागीय जिम्मेदारो के चलते बेकसूर गृहणीयों का घर उजड़ रहा है। सामूहिक विवाह योजना मे जिम्मेदारो द्वारा वर एवं कन्या पक्ष का सत्यापन भी किया जाता है लेकिन जिम्मेदारो की लापरवाही के चलते पहली पत्नी के रहते युवक ने दूसरी शादी कैसे रचाई सही से जाँच हुई तो विभागीय जिम्मेदारो का फसना तय है।बना चर्चा का विषय।

## तेजाब पिलाकर विवाहिता को मौत के घाट उतारने की कोशिश

**हमला और हत्या किए जाने की आशंका जताकर बार-बार विवाहित दे रही थी थाना पुलिस को शिकायती पत्र लेकिन विवाहिता की मदद नहीं कर सकी पुलिस**



**कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के टेगाई गांव में 18 फरवरी को एक विवाहिता को तेजाब पिलाकर मौत के घाट उतारने की कोशिश की गई है गंभीर हालत में विवाहिता को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां विवाहिता जीवन और मौत से जूझ रही है मायके के लोगों ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर विवाहिता को जान से मारने की कोशिश किए जाने का आरोप ससुराली जनों पर लगाया है मौके पर पहुंची पुलिस ने विवाहिता को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है ससुराल में पीड़ित विवाहिता ने कई बार थाना पुलिस को शिकायती पत्र देकर हत्या किए जाने की बात का खुलासा करते हुए पुलिस से मदद मांगी थी हमला और हत्या कर दिए जाने की बार बार आशंका जताई थी लेकिन थाना पुलिस ने विवाहिता की मदद नहीं की और अंततः विवाहिता की आशंका सही साबित हुई। विवाहिता पर तेजाब हमले के बाद मायके पक्ष में कोहराम मचा है। जानकारी के मुताबिक महेवा घाट थाना क्षेत्र के बैरागी पुर निवासी अशोक कुमार सोनी पुत्र सिपाही लाल की बहन आरती देवी उर्फ पुष्पा उम्र लगभग 28 वर्ष की शादी संदीप सोनी उर्फ सोनू पुत्र गुरु प्रसाद निवासी टेगाई थाना कोखराज के साथ धूमधाम से हुई थी शादी के बाद से ही विवाहिता से कम दहेज लाने के लिए आए दिन मारपीट की जाती थी विवाहिता ने मायके वालों के साथ मिलकर कई बार पुलिस थाना में शिकायत कर हमला कर हत्या किए जाने की आशंका जताई थी लेकिन पुलिस मामले में लीपा पोती करके समाप्त कर देती थी रविवार के दिन विवाहिता को तेजाब पिला दिया गया है। विवाहिता के भाई ने पुलिस को तहरीर देते हुए विवाहिता के पति जेठ जेठानी और पांच ननद के विरुद्ध मारपीट कर मौत के घाट उतारने के प्रयास का आरोप लगाया है विवाहिता के भाई ने बताया कि घटना के दिन सुबह भी विवाहिता के साथ ससुराली जनों ने मारपीट किया था जिस पर विवाहिता ने फोन करके मायके में बताया था कि ससुराल के लोग उसकी हत्या करने का प्रयास कर रहे हैं विवाहिता के भाई का कहना है मारपीट के बाद विवाहिता को तेजाब पिलाकर मौत के घाट उतारने की कोशिश की गई है।

# बूंद बूंद पानी को तरस रही नगर पालिका क्षेत्र की जनता

**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अधिकारियों की लापरवाही भ्रष्टाचार का खामियाजा आम जनता भुगत रही है बूंद बूंद पानी के लिए नगर पालिका क्षेत्र की जनता तरस रही है लेकिन उसके बाद पानी सप्लाई की व्यवस्था नहीं शुरू की गई है कुछ दिनों में गर्मी का सीजन आने वाला है और पानी की समस्या बढ़ जाएगी लेकिन पानी सप्लाई की व्यवस्था में नगर पालिका ने कदम नहीं बढ़ाई हैं एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है कि हर घर जल हर घर नल के जरिए गांव-गांव पानी दिया जाएगा लेकिन नरेंद्र मोदी की योजना मंझनपुर मुख्यालय जैसे अति विशिष्ट स्थान पर लागू नहीं हो सकी है नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ठेकेदारों के गुलाम बनकर काम करते हैं हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आदेश नगर पालिका मंझनपुर में लागू होता नहीं दिख रहा है।

नगर पालिका परिषद मंझनपुर के ओसा रोड की पाइपलाइन मंझनपुर चौराहा से बस स्टॉप तक बिछाए जाने के नाम पर नगर पालिका का भारी भरकम रकम वर्षो पूर्व खर्च कर ठेकेदार को भुगतान कर दिया गया घटिया क्वालिटी के पाइपलाइन डालकर कार्य करने वाले ठेकेदार से बिभाग की अधिकारियों ने साठगांठ मोटा कमीशन वसूल लिया जांच के दौरान इस बात का खुलासा भी हुआ और जिम्मेदारों ने आशंका जाहिर की है कि यदि पाइप लाइन में पानी की सप्लाई शुरू कर दी जाएगी तो घटिया क्वालिटी का पाइप फट जाएगा और जगह-जगह पाइप लीकेज होगा जिसके चलते दोषी ठेकेदार और अधिकारियों को बचाने के चक्कर में पाइप लाइन में वर्षों बाद में पानी की सप्लाई नगर पालिका ने नहीं शुरू की है जिससे नगर पालिका के भ्रष्टाचार का अंदाजा लगाया जा सकता है पानी की सप्लाई शुरू ना होने से नगर पालिका की जनता बूंद बूंद पानी के लिए तरस रही है सरकार की उन योजनाओं का क्या मतलब है जो योजना जनहित में लागू न हो सके जनता के उपयोग में योजनाएं ना आ सके करोड़ों खर्च कर पाइपलाइन बिछाए जाने के इस मामले में यदि सूबे के मुख्यमंत्री ने जांच कराई तो नगर पालिका परिषद मंझनपुर के कार्यदायी संस्था अधिशासी अधिकारी और अध्यक्ष के ऊपर गाज गिरना तय है। गौर तलब है कि पुराने पाइप लाइन से नगर वासियों को पानी की सप्लाई मिल रही थी लेकिन यह कहकर नई पाइपलाइन बिछाए जाने का टेंडर स्वीकृत कर दिया कि पुराने पाइप लाइन से पानी कम मिलता है और नई पाइपलाइन के बाद ज्यादा पानी मिलेगा नए टेंडर के तहत पाइपलाइन बिछाए जाने के दौरान पुराने पाइप लाइन से कनेक्शन काट दिए गए जिससे उपभोक्ताओं को पानी मिलना बंद हो गया डेढ़ वर्ष पहले पाइप लाइन बिछाए जाने में नगर पालिका का भारी भरकम बजट खर्च कर दिया गया लेकिन वर्षो बीत जाने के बाद नगर वासियों को पानी की सप्लाई नहीं शुरू हुई है पुरानी पाइपलाइन से कनेक्शन काट दिए गए थे लेकिन नगर पालिका के अधिकारियों के अंधेरगर्दी की हद तो तब हो गई जब पुराने पाइप लाइन के कनेक्शन धारकों के पानी के बिल की वसूली नहीं बंद हुई है। पानी का बिल देने के बाद एक बूंद पानी नगर पालिका से मिलने की उम्मीद जनता को नहीं रह गई है। नगर पालिका परिषद मंझनपुर के ओसा रोड में लगभग 200 परिवार के लोग दो वर्ष से पानी के लिए तरस रहे हैं विभाग को पानी का बिल भी जमा कर रहे हैं हेरा फेरी फ्रॉड कर विभाग के अधिकारियों ने पानी कनेक्शन धारकों से लाखों रुपए की रकम तो विभाग के नाम पर वसूली कर ली है और जिन कनेक्शन धारकों ने पानी सप्लाई न मिलने पर बिल का भुगतान नहीं किया है उनके ऊपर बकाया बताया जा रहा है अब सवाल उठता है कि जब पानी की सप्लाई नगर पालिका नहीं दे पा रहा है तो बिल वसूली का उसे क्या अधिकार है आखिर हेरा फेरी धोखाधड़ी फ्रॉड करने की इनको नसीहत किस नेता अधिकारी ने दिया है किसके दम पर नगर पालिका के कुर्सी पर बैठकर हेरा फेरी धोखाधड़ी फ्रॉड किया जा रहा है जिससे योगी सरकार की छवि धूमिल हो रही है।नगर पालिका के ओसा रोड मोहल्ले के लोगों को बीते दो वर्षो से पानी की सप्लाई नहीं दी जा रही है पूर्व में उपभोक्ताओं को बिना पानी दिए जमा कराया गया पानी बिल की रकम का भुगतान उन्हें वापस कराया जाए बकाया बिल माफ किया जाए गलत वसूली करने वाले अधिकारियों को निलंबित किया जाए पानी बिल के नाम पर गलत तरीके से वसूली करने वाले नगर पालिका के अधिकारियों के ऊपर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी कराई जाए और दो वर्षो से जिन नगर वासियों को पानी नहीं मिला है उस क्षेत्र में तत्काल पानी की सप्लाई शुरू कराई जाए वरना नगर क्षेत्र के लोगों का आक्रोश सड़क पर उतर सकता है जिसका खामियाजा कानून व्यवस्था को भुगतना पड़ सकता है।

## पॉक्सो एक्ट के अभियुक्त को 04 वर्ष कारावास की सजा

**कौशाम्बी।** एसपी बृजेश श्रीवास्तव के निर्देशन में कौशाम्बी पुलिस द्वारा पॉक्सो एक्ट के अभियुक्त को 04 वर्ष की कारावास की सजा दिलायी गयी है।दिनांक 03/12/2015 को थाना करारी पर छेडखानी के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 447/15 धारा 354ए( ) भादवि व 7/8 पॉक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया था । जिसके अभियुक्त दशरथ लाल पुत्र राम लाल रैदास नि0 नसरुल्लापुर थाना करारी को सोमवार दिनांक 19.02.2024 को न्यायालय एडीजे-07 जनपद कौशाम्बी द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में मानिटरिंग सेल के माध्यम से प्रभावी पैरवी कराते हुए अभियुक्त को 04 वर्ष कठोर कारावास तथा 10,000 रू0 के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

## न्यूज झरोखा

### एन डी कॉन्वेंट स्कूल एंड स्वर्गीय श्री समाधि महाराज बाबा सूरजपाल दास इं. कॉलेज में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन



**हर्रायपुर कौशाम्बी।** एन डी कॉन्वेंट स्कूल एंड स्वर्गीय श्री समाधि महाराज बाबा सूरजपाल दास इंटर कॉलेज नसीरपुर , मूरतगंज में पेरेंट्स मीटिंग अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया विद्यालय के प्रबंधक मिथिलेश कुमार सिंह व प्रधानाचार्य महेश कुमार ने महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिलाने वाली माता सावित्रीबाई फुले ,शिक्षा की देवी मां सरस्वती की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन करके किया। इस मौके पर प्रबंधक मिथिलेश कुमार सिंह ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे कच्चे घड़े के समान होते हैं इन्हें जैसा बनाओगे वह वैसा ही बनेंगे इसके लिए हम सबको मिलकर प्रयास करना होगा। प्रधानाचार्य महेश कुमार ने बताया की विद्यार्थी ,अभिभावक व शिक्षक तीनों ऐसी कड़ी होते हैं कि किसी एक कड़ी के अलग हो जाने से बच्चों का विकास रुक जाता है इसलिए तीनों को मिलकर काम करना होगा तभी बच्चे का विकास होगा इस मौके पर उप प्रधानाचार्य अनीता कुमारी ,रामनरेश यादव अभिषेक साहू ,दीपिका कुमारी ,शिवानी यादव, नंदिता पाल ,ममता मिश्रा ,ज्योति सिंह, आई बी सिंह ,जितेंद्र सर ,मुन्नी देवी आदि लोग मौजूद रहे।

### महामाया विद्यालय में श्रमदान के उपरांत मतदाता जागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन




**कौशाम्बी** राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर के चौथे दिन महामाया राजकीय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्राओं द्वारा शिविर का प्रारंभ योगाभ्यास एवं प्रार्थना से शुरू किया । श्रमदान के उपरांत मतदाता जागरूकता के लिए गांव में रैली निकाली एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से गांव वालों को मतदान के प्रति जागरूक किया। नुक्कड़ नाटक में पूनम प्रीति माही लक्ष्मी पूजा निशा आदि ने प्रतिभाग किया ।दोपहर में ज्योति सेजल भावना स्वाती इकरा माजिदा अमन नितिन, सर्वजीत आदि की टीम द्वारा बाटी चोखा तैयार किया गया। भोजन के उपरांत बौद्धिक सत्र में राजकीय चिकित्सालय के डॉ मोतीलाल जी मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य के प्रति शिवरात्रियों को जागरूक करने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि यदि स्वस्थ रहना है तो साफ सफाई का विशेष रूप से ध्यान रखें। रक्तदान से संबंधित समाज में फैली भ्रांतियां को दूर करने का प्रयास किया। इसी क्रम में राजकीय चिकित्सालय के रक्तदान परामर्शदाता अनिल कुमार यादव ने स्वैच्छिक रक्तदान हेतु शिवरार्थियो को जागरूक किया। महाविद्यालय के संरक्षक एवं प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार ने शिवरार्थियो को अनुशासित रहने एवं सहयोग की भावना अपने अंदर विकसित करने को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन शशि भूषण ने किया अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ पवन कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ अजय कुमार ,डॉ रीता दयाल, डॉ तरित अग्रवाल ,डॉ आनंद कुमार, डॉ शैलेश मालवीय? डॉ संतोष कुमार, दिलीप एवं पिंटू लाल आदि उपस्थित रहे।

### सड़क किनारे मिली एक ब्यक्ति की रक्त रंजित लाश



**कौशाम्बी** करारी थाना क्षेत्र के पिंडरा गांव के पास सोमवार की सुबह लगभग 7:00 बजे सड़क किनारे एक ब्यक्ति की रक्त रंजित लाश मिली है शरीर में तमाम गहरे जख्म के निशान है जिसकी उम्र लगभग 35 वर्ष बताई जाती है लाश पड़ी होने की जानकारी मिलने के बाद मौके पर लोगों के भीड़ लग गई मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने लाश की शिनाख्त कराई है लेकिन काफी प्रयास के बाद लाश की शिनाख्त नहीं हो सकी है पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है

### रोजगार मेले में 145 अभ्यर्थियों का किया गया चयन

**कौशाम्बी।** उप्र. कौशल विकास मिशन, राजकीय आईटीआई एवं सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजनान्तर्गत आज देशराज महाविद्यालय, जुवरा नारा के परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें 283 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं चार नियोक्ता कम्पनियों के द्वारा कुल 145 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले का शुभारम्भ प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख सिराथू लवकुश मौर्य द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने रोजगार मेले में उपस्थित प्रतिभागी अभ्यर्थियों को रोजगार मेले के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन के0के0 राम, डीएसएम योगेन्द्र कुमार शुक्ला, डीपीएम शिव नरेश शुक्ला एवं विनोद सिंह आदि उपस्थित रहें। जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 20 फरवरी 2024 को जन शिक्षण संस्थान, मंझनपुर समदा रोड में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जायेंगा, जिसमें 05 से अधिक नियोक्ता कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग करते हुये 500 से अधिक रिक्तियों के सापेक्ष्य योग्य अभ्यर्थियों के चयन की कार्यवाही की जायेंगी। जिसमें न्यूनतम योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण एवं आई0टी0आई0/डिप्लोमा उत्तीर्ण तथा कौशल विकास मिशन से प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थी उक्त दिनांक को प्रातः 10 बजे अपने समस्त शैक्षिक अंकपत्रों एवं प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ प्रतिभाग कर रोजगार प्राप्त कर सकतें हैं।

### 21 फरवरी को आएंगी स्मृति जुबेन ईरानी

**कौशांबी** महिला बाल विकास मंत्री स्मृति जुबेन ईरानी 21 फरवरी को जिले के मंझनपुर क्षेत्र के टेवा स्टेडियम आ रही है सांसद महिला खेल महोत्सव कार्यक्रम में स्मृति जुबेन ईरानी शामिल होंगी उक्त जानकारी सूचना विभाग ने दिया है

### गैर इरादतन हत्या के 03 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** गैर इरादतन हत्या के 03 वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।चौकी इंचार्ज मनोज सिंह तोमर ने मयफोर्स वांछित को गिरफ्तार किया है।जपनद में पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस उ0नि0 मनोज कुमार तोमर मय हमराह पुलिस बल द्वारा मु0अ0सं0 53/24 धारा 304/504 भादवि से सम्बन्धित 03 वांछित अभियुक्तों बड़कू निषाद पुत्र भैयालाल वा शान्ती देवी पत्नी बड़कू निषाद वा शिवकली पत्नी गुड्डी निवासीगण ग्राम दिया उपरहार थाना सराय अकिल को ग्राम दिया उपरहार से गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया है।

### किसानो के मुद्दों को लेकर सकिपा आज करेगी प्रदर्शन

**कौशाम्बी** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान मे कल 20 फरवरी मंगलवार समय 12 बजे किसानो के मुद्दों को लेकर जिला मुख्यालय मंझनपुर में प्रदर्शन कर जिला प्रशासन को एक पांच सूत्रीय ज्ञापन सौपा जायेगा, ऐसी जानकारी पार्टी नेता अजय सोनी ने दी है।

### अवैध खनन में पुलिस ने घाट संचालक को किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी** जिले में सराय अकिल थाना क्षेत्र के कटैया यमुना घाट पर पोकलैंड से अवैध खनन के मामले में शासन के निर्देश पर पुलिस ने घाट संचालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस अन्य बालू माफियाओं की तलाश कर रही है। सराय अकिल थाना क्षेत्र के कटैया यमुना घाट पर पोकलैंड मशीन से पानी के अंदर से अवैध खनन किया जा रहा था, अवैध खनन की वीडियो मीडिया पर वायरल हुई तो प्रशासन हरकत में आया और बालू घाट पर करवाई की थी। जिसके बाद मामले को शासन ने संज्ञान लिया और कौशाम्बी जिला प्रशासन को निर्देश दिया,जिसके बाद पुलिस ने घाट संचालक को गिरफ्तार कर लिया और पूछताछ कर रही है। अन्य साथियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम जुटी हुई है, कार्रवाई से अन्य बालू माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

## संपादक की कलम से

### क्या ये पूरे देश के किसानों का आंदोलन है

पंजाब और हरियाणा को जोड़ने वाले शंभू बोर्डर पर 13 फरवरी से किसान जमा हैं। सरकार का कहना है कि उन्हें आगे नही जाने दिया जाएगा। ये जाकर दिल्ली का आम जीवन प्रभावित करते हैं। ये वाजिद हैं कि हमें दिल्ली जाना है। शंभू बॉर्डर में किसानों ने घमासान मचाया हुआ है। पुलिस बेरिकेडिंग्स को तहस–नहस कर दिया है। इसके चलते पुलिस ने कई आंदोलनकारियों को हिरासत में ले लिया है। कई बार झड़प हो चुकी है। पुलिस को अश्रु गैस छोड़नी पड़ी। आंदोलनकारियों पर पैलेट गन भी चलानी पड़ी। ये दिल्ली आने को बजिद हैं। कुछ जगह इन्होंने पंजाब में हाइवे के टोल प्लाजा फ्री करा दिए हैं। पंजाब में ही रेलवे ट्रेक पर इनका धरना भी कुछ जगह जारी है। हालात ठीक नही हैं। तीन कृषि कानून को वापिस लेने के लिए चले पिछले किसान आंदोलन की सफलता से किसान उत्साहित हैं और अग्रेसिव हैं। किंतु सवाल यह है कि क्या ये देश के किसानों का आंदोलन है। इसमें तो पंजाब के भी पूरे किसान संगठन शामिल नही हैं।

इस आंदोलन को देखकर ऐसा लग नहीं रहा कि किसान वापस जाएंगे। इस बार किसान अपनी अलग–अलग मांगों को लेकर अड़े हुए हैं। इनकी मांग हैं, किसान नेता न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानून बनाए, किसानों ने दिल्ली मोर्चा के दौरान केंद्र सरकार की ओर से जिन मांगों को पूरा करने का भरोसा दिया गया था, उन्हें तुरंत पूरा करे, साल 2021–22 के किसान आंदोलन में जिन किसानों पर मुकदमें दर्ज किए गए थे, उन्हें रद्द करने किया जाए, पिछले आंदोलन में जिन किसानों की मौत हुई थी, उनके परिवार को मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए,? लखीमपुर खीरी हिंसा के पीड़ितों को केंद्र सरकार न्याय दे और परिवार के एक सदस्य को नौकरी दें, सभी किसान और खेतिहर मजदूरों का कर्जा माफ हो, 60 साल से ऊपर के किसान, मजदूरों को 10 हजार रुपये पेंशन मिले, कृषि व दुग्ध उत्पादों, फलों, सब्जियों और मांस पर आयात शुल्क कम करने के लिए भत्ता बढ़ाया जाए, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू किया जाए, कीटनाशक, बीज और उर्वरक अधिनियम में संशोधन करके कपास सहित सभी फसलों के बीजों की गुणवत्ता में सुधार किया जाए आदि।

आंदोलनकारी किसान नेताओं से केंद्र सरकार तीन दौर की बातकर चुकी किंतु समस्या का हल नही निकल रहा। पंजाब में किसानों के 40 संगठन हैं। इस बार के इस आंदोलन में 32 संगठन शामिल है। एक बड़ा सवाल यह है कि क्या से सिंधु बार्डर पर जमें किसान पूरे देश के किसानों का प्रतिनिधित्व करते हैं। क्या इन्हें आम नागिरकों का जीवन प्रभावित करने का अधिकार है? इस आंदोलन को भी साल 2021 के आंदोलन से ही जोड़कर देखा जा रहा है, लेकिन इस बार के आंदोलन को सभी किसान संगठनों का समर्थन हासिल नहीं है। इस आंदोलन की बात यह है कि ये आंदोलन संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले नहीं हो रहा। पंजाब के भी सभी किसान संगठनों का ये आंदोलन नही है। हरियाणा के एक अन्य प्रमुख किसान नेता, बीकेयू चढ़ूनी समूह के प्रमुख गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने बताया कि उन्हें 'दिल्ली चलो मार्च' और चंडीगढ़ में सरकार के प्रतिनिधियों के साथ होने वाली बैठकों में आमंत्रित नहीं किया गया। उन्होंने कहा, 'एमएसपी पर कानून बनाने की कोई जरूरत नहीं है, केंद्र सरकार का लिखित आश्वासन ही काफी है'। पूर्ववर्ती संयुक्त किसान मोर्चा में शामिल रहे कुछ बड़े किसान नेताओं को यह भी संदेह है कि 'दिल्ली चलो मार्च' अप्रत्यक्ष रूप से पंजाब सरकार द्वारा प्रायोजित है, क्योंकि उसे मूंग के लिए एमएसपी जैसे चुनावी वादों को पूरा करने में विफल रहने के कारण किसानों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। हरियाणा सरकार द्वारा पंजाब सरकार पर आरोप लगाए गए हैं कि पंजाब ने उन प्रदर्शनकारियों को नहीं रोका जो बिना किसी बाधा का सामना किए बड़ी संख्या में शंभू और खनौरी सीमाओं तक पहुंचने में कामयाब रहे। बीकेयू के राकेश टिकैत का भी मानना है कि मौजूदा विरोध प्रदर्शन में कुछ कट्टरपंथी तत्व शामिल हो रहे हैं ! बातचीत में, राकेश टिकैत ने कहा कि वर्तमान आंदोलन में भाग लेने वाले कई नेता सतलज–यमुना लिंक नहर जैसे मुद्दों को उठाना चाहते हैं, जो पंजाब और हरियाणा के किसानों के बीच दरार पैदा कर सकते हैं। इसी तरह, कुछ लोग सांप्रदायिक मतभेद भी पैदा करना चाहते हैं। इसलिए, हम उनके आंदोलन में नहीं शामिल हैं, लेकिन हम उन उन्हें मुद्दा–आधारित समर्थन प्रदान करेंगे। राकेश टिकैट ने सिसौली की बैठक के बाद कहा कि 21 फरवरी को जिला मुख्यालयों पर ट्रैक्टरों के साथ प्रदर्शन होगा। राकेश टिकैट ने कहा कि पंजाब में तीन मोर्चे हैं जिनमें से एक मोर्चा आंदोलन कर रहा है। यह संयुक्त किसान मोर्चा का आह्वान नहीं था और ना किसी से बात हुई थी लेकिन हम किसानों के साथ हैं। किसानों पर अत्याचार होगा तो हम चुप नहीं रहेंगे। कभी किसानों के देश का बडा केंद्र सिसौली था, किसानों की मांग और समस्याओं को लेकर यहां से मांग उठती थी। आंदोलन के निर्णय भी सिसौली से ही होते थे, अब ये सब पंजाब में चला गया। वहां आंदोलन की बात चलती है तो समर्थन देना अब सिसौली की मजबूरी हो जाती है। लोकसभा चुनाव से पहले प्रस्?तावित किसान आंदोलन को बेहद ही अहम माना जा रहा है। इन पंजाब के आंदोलनकारी किसान मानकर आए हैं, कि चुनाव सिर पर हैं, ऐसे में दबाव देकर वह अपनी मांग पूरी करा सकतें हैं। असल में तीन कृषि कानूनों के खिलाफ दिल?ली की सीमाओं पर 13 महीने तक चले आंदोलन पर केंद्र सरकार ने तीनों कृषि कानूनों को वापस ले लिया था।

# झटका और हलाल की सियासत में हम

@ राकेश अचल
achalrakesh1959@gmail.com




अंग्रेजों के जमाने में एक शब्द बहुत चर्चित होता था 'गिरमिटिया'। आज की सियासत में एक दूसरा शब्द चर्चित है 'गिरगिटिया'। दोनों शब्दों में जमीन-आसमान का अंतर है। गिरमिटिया वे विवश भारतीय थे जिन्हें अंग्रेजों ने जबरन अपने नियंत्रण के देशों में मजदूर बनाकर भेजा था। लेकिन गिरगिटिया वे नेता हैं जो खुद बिकने को तैयार रहते हैं और मौसम के हिसाब से, मंडी के हिसाब से अपने दाम मिलने पर फौरन बिक जाते हैं। इसी गिरगिटिया सियासत में अब एक नया शब्द अचानक चर्चित हो गया है उसे कहते हैं 'झटका'। ये हलाल और हराम के बीच का शब्द है। इसके अर्थ एकदम से समझ में नहीं आ सकते।

आजकल राजनीतिक दल एक - दूसरे को सियासी मुकाबले में झटके पर झटका देने में यकीन करने लगे हैं। कोई किसी का पार्षद तोड़कर झटका देता है तो कोई किसी का विधायक, सांसद तोड़कर। चंडीगढ़ में महापौर पद के चुनाव में जोड़-तोड़ और बेईमानी से जीती भाजपा ने देश की सबसे बड़ी अदालत का फैसला आने से पहले ही आम आदमी के तीन पार्षदों को तोड़कर अरविंद केजरीवाल को 'झटका' दे दिया। भाजपा झटका विशेषज्ञ पार्टी है। ये दल जब चाहे तब किसी को भी झटका दे सकता है। पिछले दिनों बिहार में भाजपा ने राजद और कांग्रेस को साझा झटका देकर सत्ता से बाहर कर दिया। झारखंड में भाजपा खुद झटका खा गयी। उत्तर प्रदेश में भाजपा ने पांच बार के समाजवादी पार्टी के एक अल्पसंख्यक नेता जी को तोड़कर झटका दे दिया। इससे पहले कांग्रेस के प्रमोद कृष्णम को अपना बगलगीर बनाकर भाजपा कांग्रेस को झटका दे चुकी है।

भाजपा को झटका देने में महारत हासिल यही और विपक्ष को झटका खाने में। कांग्रेस मध्य प्रदेश में झटका खाते-खाते बची। इसके लिए भी कांग्रेस को भाजपा के ही नेताओं का एहसानमंद होना चाहिए जो उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और उनके बेटे नकुलनाथ को उनके दल-बल के साथ भाजपा में लेने से इंकार कर दिया। अब नाथ पिता-पुत्र की दशा सांप-छछूंदर जैसी हो गयी है। बेचारे अब न घर के रहे और न घाट के। अब दोनों हारे हुए जुआरी की तरह सिर झुकाये बैठे दिखाई देंगे।

आपको बता दें कि इस्लाम में झटका वर्जित है और सनातन में इसको लेकर कोई खास नियम नहीं है। झटका इस्लाम में आहार के लिए किसी जीव का सिर कलम करने की अपवित्र विधि है, लेकिन सियासत में ये बहुत कारगर तरीका है। इस्लाम में सब कुछ हलाल किया हुआ पसंद किया जाता है। उत्तर प्रदेश में तो अनेक उत्पादों को लेकर इस्लामिक संस्थाएं हलाल प्रमाण पत्र देतीं थीं लेकिन यूपीए की डबल इंजन सरकार ने इस पर रोक लगा दी। शायद सरकार चाहती है कि सूबे में जो भी हो हलाल से नहीं झटके से हो। जैसा कि मैंने कहा कि झटका कम पीड़ादायक होता है। भाजपा अपने प्रतिद्वंदी को मारना तो चाहती है लेकिन कम से कम तकलीफ देकर। शायद इसीलिए उसे झटका विधि पसंद है।

झटके के इस दौर में आम आदमी कहीं नहीं है। उसे जोर के झटके भी धीरे से दिए जाते हैं, इसलिए बेचारा समझ ही नहीं पाता कि उसे कोई झटका दिया भी गया है या नहीं। वैसे भी हिन्दुस्तान में आम आदमी झटका खाने के लिए बना है। किसी परम स्वतंत्र राजनीतिक दल या नेता को झटका देना तो आम आदमी जैसे भूल ही चुका है। आम आदमी झटका खाकर आह तक नहीं भरता। डरता है कि कहीं आह भरने पर उसे फिर कोई नया झटका न दे दिया जाये। हर सरकार आम आदमी को झटका देती है। सरकार का काम ही झटका देना है। सरकार यदि आपको झटका नहीं देगी तो सरकार को सरकार कौन कहेगा भला ?

देश की जनता पिछले दस साल में इतने झटके खा चुकी है कि अब उसे झटके खाने की आदत पड़ गयी है। अब यदि उसे सरकार की और से कुछ दिनों तक कोई झटका न लगे तो लगता है कि-'कहीं सरकार को कुछ हो तो नहीं गया ?'। सरकार भी देशहित में जनता को सतत झटके देते रहती है। ये काम बहुत मुस्तैदी से किया जाता है। महंगाई तो झटका देने का घिसा-पिटा तरीका हो गया है। अब झटका देने के नए-नए तरिके ईजाद किये जाते हैं। कभी झटका संसद में दिया जाता है तो कभी संसद के बाहर। झटका कभी शालीनता से दिया जाता है तो कभी बेरुखी से। झटके के अनेक प्रकार हैं। झटके शाकाहारी और मांसाहारी दोनों तरीके के होते हैं। झटकों को किसी प्रमाणपत्र की कोई आवश्यकता नहीं पड़ती।

झटकों पर नजर रखते हुए मेरी सारी उम्र बीत गयी, इसलिए मै साधिकार कह सकता हूँ कि झटका देने का कोई समय और महूर्त नहीं होता। झटका कभी भी, कहीं भी दिया जा सकता है। झटका कब और किसे दिया जाये ये हर सरकार की एक चांडाल चौकड़ी [ आप शालीन भाषा में उसे किचिन केबिनेट कह सकते हैं ] देती है। कांग्रेस की सरकार में आपातकाल के समय इस तरह कि एक घोषित चौकड़ी हुआ करती थी। भाजपा की सरकार में ये काम चार के बजाय दो लोगों की जोड़ी कर रही है। भाजपा कि सरकार चाहे एक इंजिन की हो या दो इंजिन की इसी जोड़ी की दम पर चलती है। ये जोड़ी कांग्रेस की बैल जोड़ी जैसी है जो दिन-रात काम करती है, खासतौर पर झटकों पर इसका काम सरहनीय होता है।

चूंकि देश में आम चुनाव सिर पर हैं इसलिए आम आदमी को इन झटकेबाज राजनीतिक दलों और नेताओं के बारे में जागरूक करना मेरा परम धर्म है। 'अहिंसा परमो धर्म' की तरह। इसीलिए मै तमाम ज्वलंत मुद्दों को दरकिनार कर आज झटका विधा पर अपना ज्ञान बघार रहा हूँ। मुझे इसके एवज में कुछ उदारमना लोग एक रुपया देंगे तो बाकी गालियां। लेकिन राष्ट्रहित में मै अपना काम मुस्तैदी से करता हूँ। मुझे न रुपए का लालच है और न गालियों से परहेज। मै तो चाहता हूँ कि हमारा रुपया हमारे माननीय झटकेबाजों की उम्र के साथ तालमेल बैठा ले। न बैठा पाए तो कम से कम स्थिर ही हो जाये। क्योंकि रुपया जब नीचे गिरता है तो हमारे झटकेबाजों की इमेज को झटका लगता है। रुपए की कीमत को नेताओं की इमेज से जोड़ने का काम भी इसी दशक में हुआ है। रुपया आज के प्रधानमंत्री के बजाय कल के प्रधानमंत्री की उम्र को छूने की कोशिश कर रहा है। हम चाहते हैं कि रुपया जाये भाड़ में लेकिन हमारे पूर्व और वर्तमान और भावी प्रधानमंत्री शतायु हों। झटका बाजार में दोनों की महती जरूरत है।

दुर्भाग्य देखिये कि हमारे देश में झटके की सियासत अधिकांश राजनीतिक दल करते हैं किन्तु हलाल की सियासत ले-देकर जनाब औबेसी ही करते हैं। जबकि सभी को हलाल की सियासत करना चाहिये। हलाल की सियासत में एक बूँद खून भी बर्बाद नहीं होता। लेकिन लोग और प्रमुख झटकेबाज इस हकीकत को समझते ही नहीं और सियासत को हमेशा खून-आलूदा बनाये रखना चाहते हैं। झटकेबाजों को इससे कोई मतलब नहीं कि सियासत को लाल करने वाला खून मर्द का है या औरत का। किसान का है या मजदूर का। बहरहाल मुझे उम्मीद है कि आम जनता झटके का मर्म समझ गयी होगी। आम चुनाव में फैसला लेने में ये ज्ञान बहुत काम आएगा। खुदा हाफिज।

## बर्बाद समय को हम रिसाइकल नहीं कर सकते

आज औद्योगिक युग के बाद फैक्ट्री, ऑफिस और नौकरी का जो दौर शुरू हुआ, उसने मनुष्य को घड़ी का गुलाम बनाकर रख दिया। आधुनिक अविष्करों ने हमारे जीवन की गति बढ़ा दी है। इनकी बदौलत हम दुनिया से तो जुड़ गए हैं, लेकिन शायद खुद से दूर हो गए हैं। मोबाइल हमारे समय के सबसे बड़े शत्रुओं में से एक है, क्योंकि वह हमें महत्वहीन कामों में उलझा देता है। मोबाइल से दो तरह से समय बर्बाद होता है या तो हम खुद ही अपना समय बर्बाद करते हैं या फिर अब इसके माध्यम से दूसरे हमारा समय बर्बाद करते हैं। जिन लोगों के पास खाली समय होता है, वह हमेशा काम करने वाले लोगों का समय बर्बाद करेंगे। बर्बाद समय का अर्थ है बर्बाद जीवन। आप बर्बाद समय को रिसाइकल नहीं कर सकते है। यदि आप समय के सर्वश्रेष्ठ उपयोग को लेकर गंभीर हैं तो मोबाइल, टीवी, इंटरनेट चैटिंग आदि समय बर्बाद करने वाले आविष्कारों का इस्तेमाल कम कर दें। डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल और हृदय रोग की तरह ही समय की गति भी आज की एक समस्या है, जो आधुनिक जीवन शैली का परिणाम है। हम 80 प्रतिशत काम 20 प्रतिशत समय में ही पूरा कर लेते हैं और बचे हुए 20 प्रतिशत काम में 80 प्रतिशत समय बर्बाद करते हैं इंटरनेट पर अगर आप ज्यादा काम करते हैं तो आपको ब्रॉडबैंड कनेक्शन पर काम करना चाहिए। इसकी गति तेज होती है। हर इंसान दिन में काम से कम 5 मिनट तक नीरा मूर्ख होता है। समझदारी इसमें है कि हम इस अवधि को बढ़ने न दें। अगर आप पूर्व दिशा में जाना चाहते हैं तो पश्चिम की ओर न जाए। जो दुनिया को हिलाना चाहता है, सबसे पहले उसे खुद को हिलना चाहिए। इससे ज्यादा निरर्थक कुछ नहीं है कि आप वह काम कुशलता से करें जिसे किया ही नहीं जाना चाहिए था। उस व्यक्ति का कितना सारा समय बच जाता है, जो इस बात पर नजर नहीं रखता है कि उसकी पड़ोसी क्या कहता, करता और सोचता है? मोबाईल, सिगरेट और शराब के अलावा भी कई बुरी लत होती है, जो सिर्फ आपका बहुत–सा समय ही बर्बाद नहीं करती बल्कि जीवन भी बर्बाद करती है। समुद्र में इतने लोग नहीं डूबे जितना कि मोबाईल, सिगरेट और शराब में डूब गए। यह मनोवैज्ञानिक आदतें होती है, जिनमें उलझ कर आप अपना समय खुद बर्बाद करते हैं। बड़.बोलेपन से भी बहुत समय बर्बाद होता है।

## किसान का बसंती राग

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**अबकी वसंत बौराया हुआ है। सरसों तो फूल–फूलकर पीले हुए जा रहे हैं। फिर भी खेतों में मातमभरी उदासी छायी हुई है। उनका मालिक किसान वसंत का स्वागत करने के बजाय दिल्ली की सीमाओं पर धरने पर बैठा है। उसे नहीं पता कि दिल्ली में बहरे शासन करते हैं और अंधे–गूँगे तालियाँ बजाते हैं। जहां अकबर ने कौओं की गिनती करने में बीरबल को लगा दिया वहाँ हम ऐसे इंसान को ढूँढ़ने की फिराक में हैं जिसके भीतर हृदय बसता है और औरों के लिए धड़कता है। किसान भूल गए हैं कि औरों के लिए धड़कने वाले दिल सिर्फ किताबों में मिलते हैं। असलियत में गीदड़, सियार, उल्लुओं और कौओं की सरकार हैं। यहाँ सिर्फ शोर चलता है किसी का जोर नहीं। चौबीसों घंटे भाषणों का शोर, झूठे एजेंडों का शोर, ताली–थाली बजाने का शोर, कुत्तों की तरह भौंकने का शोर, कौओं की काँव–काँव का शोर, कोई गीदड़ जाए तो शोर ,कोई गीदड़ पैदा हो तो शोर, जमीन से आसमान तक शोर ही शोर है। अगर कुछ नहीं है तो वह इंसानियत है। देश को अन्न खिलाने वाले पर लाठियों का जोर है। हाँ–हाँ चारों ओर सिर्फ शोर ही शोर है।**

**जनता जानती है कि पेट्रोल, डीजल, गैस की कीमतें बढ़ गयी हैं। किसान जान गए हैं कि किसान बिल वापस होने वाले नहीं हैं लेकिन वसंत नहीं जानता कि उसे अमलतास को ओढ़े रखना है या उतार फेंकना है। किसान अपनी खाल बचाकर आएगा तब ही अमलतास की चादर ओढ़ पाएगा न! अबकी टेसू सारे दिल्ली में चलने वाली लाठियों से थरथराकर झड़ रहे हैं। जो अमिया बनने की कगार पर हैं वे अपने भविष्य की कल्पना मात्र से डाल से जौहर करने को तैयार हैं। न जाने इस बार महुआ को क्या हुआ कि सुगंध फैलाने की जगह सिंधु सीमा पर बैठे किसानों के मैले–कुचले कपड़ों, पीड़ा के मारे निकल रही कराह से बस्सा रहे हैं। महुआ वसंती रंग की जगह किसानों पर बरसी लाठियों से बहने वाले खून से सना–सना लग रहा है। इस बार कलियों ने सौगंध खायी हैं जब तक किसानी चेहरे नहीं चहकते तब तक वे फूल नहीं बनेंगी। काश कोई कलियों को बता पाता कि न नौ मन तेल होगा न राधा नाचेगी। न सरकार कानून वापिस लेगी न किसान चहकेंगे। अब भला कलियाँ खाक चहकेंगी।**

**इस बार न जाने तितलियों की क्या मति मारी गयी है कि फूल न मिलने से उड़–उड़कर दिल्ली की सीमाओं पर जा रही हैं। उन बेवकूफों को कौन बताए कि दिल्ली में फूल नहीं धूल मिलती है। इसीलिए तो इतने दिनों से अन्नदाता धूल फांक रहे हैं। ठिठुरती सर्दी जाते–जाते किसानों को इतना कह गयी है कि मैं तो बड़ी दयालु थी जो तुम्हें जान बख्श गयी, यदि सरकार होती तो कब की लील गयी होती। जब–जब वसंत ने किसानों को देखा तब–तब उनके हाथों में हल का हंसिया का हमदम देखा। इस बार भी वसंत ने किसान को भूखा, सड़क पर टूटा और भाग्य से लूटा देखा। उसे पता है वसंत की खुशहाली में किसानों की आत्महत्या, साहूकारों के कर्जे और अनबिहाई बिटिया की पीड़ा बसती है। अन्नदाता भूखा नंगा पैदा होता है, भूखा नंगा जीता है और भूखा नंगा मरता है। गीता वचन ह्यखाली हाथ पैदा होने वाले खाली हाथ ही मरते हैंह्ल को शत प्रतिशत चरितार्थ करते हुए उसमें एक और कटु सत्य जोड़ देते हैं कि पैदाईशी खाली हाथ और मरणासन्न खाली हाथ के बीच भी ये खाली हाथ ही जीते हैं। इसीलिए तो किसान के नाम पर परेशान कहलाते हैं। न जाने क्यों इस बार हंसवाहिनी शारदा रो रही है। न जाने क्यों उसके वीणा के तार टूटे हुए हैं। अब भला बिना किसानों के संग वसंती राग कैसे संभव हो पाएगा। लगता है कि इस बार संसद में बसंती राग के लिए भी कोई कानून बनाया जाएगा।**

# कांग्रेस कमल छाप नस्ल से निजात पाए

ऐसे वक्त में जब भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस तमाम सांगठनिक तकलीफों के बावजूद देश में लोकतंत्र को बचाने एवं लोकहित की सबसे बड़ी लड़ाई लड़ रही है, कई कांग्रेसी नेता पार्टी को अलविदा कर रहे हैं। छोड़ने के अलग-अलग कारण हैं, परन्तु एक बात जो सभी में एक सरीखी है वह यह कि इन सारे नेताओं को कांग्रेस ने ऊंचे पद, रसूख, सम्मान, दौलत, शोहरत सब कुछ दिया है। कई को यह पारिवारिक विरासत के रूप में मिला तो कई अयोग्यता के बावजूद दशकों तक संगठन द्वारा ढोये जाते रहे।

सत्ता सुख के आदी हो चुके ये परजीवी जाते हुए बेशक दल का नुकसान तो कर रहे हैं, परन्तु नयी पौध भी संगठन के भीतर लहलहा रही है जो हर तरह की मुश्किलों से लड़ते हुए उन लक्ष्यों की ओर सतत बढ़ रही है, जिसे पाने के लिये दल ने खुद को तकरीबन 140 साल पहले स्थापित किया था, स्वतंत्रता के लिये 60 वर्षों से अधिक लम्बी लड़ाई लड़ी और देश निर्माण में कभी सत्ता पक्ष के रूप में तो कभी विपक्ष बनकर अपनी निर्धारित जिम्मेदारियां निभाईं- संसद से लेकर विधानसभाओं और स्थानीय संस्थाओं तक; और बाहर सड़कों पर भी।





जिन विभिन्न चुनौतियों से कांग्रेस आज जूझ रही है, उनमें कुछ बाहरी तो कई अंदरूनी हैं। सत्ताएं गंवाना, चुनाव हारना, उसके नेताओं व सदस्यों का दमन-उत्पीड़न जैसे संकटों को तो वह झेल ही रही है, लेकिन जो अलग किस्म की परेशानियों से वह दो-चार हो रही है, वह है कांग्रेस में बने रहकर अन्य दलों की ओर आकर्षित होना या छोड़ना। ऐसे नेता बड़ी संख्या में हैं। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कई बार के सांसद रहे कमलनाथ ने भी संकेत दे दिये हैं कि वे कांग्रेस को टा...टा, बाय-बाय करने जा रहे हैं। अकेले नहीं, पुत्र नकुलनाथ के साथ। नाथ पिता-पुत्र फिलहाल दिल्ली में हैं। शायद वे भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेताओं से मिलेंगे। वैसे पार्टी छोड़े जाने सम्बन्धी सवालों पर कमलनाथ ने यह कहकर शंका को बढ़ा दिया है कि 'वे वक्त आने पर पत्रकारों को सूचित करेंगे। कमलनाथ ने, जो नौ बार सांसद रहे, प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे तथा इंदिरा गांधी जिन्हें राजीव संजय के बाद अपना तीसरा बेटा कहती थी, यह नहीं कहा है कि वे पार्टी नहीं छोड़ रहे हैं। छिंदवाड़ा के उद्योगपति-नेता कमलनाथ का यह व्यवहार एक नेता के रूप में जिम्मेदारीपूर्ण नहीं कहा जा सकता। उल्लेखनीय है कि 2019 का लोकसभा चुनाव हारने के बाद राहुल गांधी ने जब पार्टी अध्यक्ष के पद से यह कहकर इस्तीफा सौंपा था कि 'चुनाव में कई बड़े नेता पार्टी को जिताने की बजाय अपने बेटों को जिताने के लिये मेहनत कर रहे थे, तो उनका संकेत कमलनाथ व उनके जैसे लोगों की ओर ही था।ƒ बालाकोट व पुलवामा के मुद्दों पर लड़े गये उस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी सीट सारी सीटें जीत गई थी, सिवाय उस सीट के जिस पर नकुलनाथ खड़े थे। कहते हैं कि भाजपा ने वहां जान-बूझकर कमजोर उम्मीदवार खड़ा किया था। 2023 के नवम्बर में जब राज्य विधानसभा के चुनाव हुए थे तो पराजय की शाम को समीक्षा की बजाय कमलनाथ अपने बेटे के साथ गुलदस्ता लेकर निवर्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के घर पहुंचे थे। उनके साथ हास-परिहास वाले वीडियो वायरल हुए थे। उस चुनाव में पहले ही कमलनाथ ने खुद को भावी मुख्यमंत्री बतलाना शुरू कर दिया था। कांग्रेस में कमलनाथ अकेले नहीं है। अभी मुश्किल से 3 दिन पहले ही महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण भी भाजपायी हो गये हैं। आदर्श हाउसिंग घोटाले के मुख्य आरोपी अशोक के पिता शंकरराव चव्हाण भी दो बार राज्य के मुख्यमंत्री रहे थे। बहुत पुरानी बात नहीं जब मुंबई प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वर्षों अध्यक्ष तथा दक्षिण मुंबई के सांसद रहे मुरली देवड़ा के बेटे मिलिंद ने भी पार्टी छोड़ी। उन्हें भी पार्टी ने इसी सीट पर लोकसभा भेजा था। पिछले कुछ समय में जिन लोगों ने दल छोड़ा, उनमें प्रमुख हैं मध्यप्रदेश के ही ज्योतिरादित्य सिंधिया (केंद्रीय मंत्री रहे माधवराव के पुत्र), जितिन प्रसाद, महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सुष्मिता देव, पूर्व केन्द्रीय मंत्री आरपीएन सिंह, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष बलराम जाखड़ के पुत्र सुनील जाखड़, जो पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष रहे, गुजरात के पाटीदार नेता हार्दिक पटेल, पार्टी के बड़े नेता कपिल सिब्बल, गुलाम नबी आजाद, कांग्रेस शासनकाल में रक्षा मंत्री रहे ए.के. एंटोनी के पुत्र अनिल, अल्पेश ठाकोर आदि। इनमें से ज्यादातर ऐसे हैं जो पार्टी एहसानों का बदला नेतृत्व, खासकर गांधी परिवार पर आरोप लगाते हुए दल से अलग होते हैं। आजाद जैसे नेता तो आलोचना की लम्बी चि्ी लिखकर छोड़ते हैं।

बहरहाल, इस माहौल में भी उम्दा तस्वीर यह है कि इन नेताओं के खुद से अलग होने के बावजूद दल के उत्साह में कमी नहीं आई है। राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्रा हर रोज अधिक समर्थक जुटा रही है। कुछ लोगों के अलग होने के बाद भी इंडिया गठबन्धन मजबूत है। यहां तक कि करीब ढाई दशक अलग रहने वाले शरद पवार उनके द्वारा स्थापित राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के अपने बचे हुए धड़े का कांग्रेस में विलय का सोच रहे हैं। बुजुर्ग नेता मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व में एक ऐसी नयी कांग्रेस बन रही है जिसमें क्षेत्रीय स्तर पर नया नेतृत्व उभर रहा है और जो पार्टी की धुरी को मजबूत कर रहा है। इनमें जीतू पटवारी, अजय राय, भूपेश बघेल, डीके शिवकुमार, सिद्दारमैया, रेवंता रेड्डी, वाईएस शर्मिला, नाना पटोले आदि हैं। ये नये नेता न डरते हैं न नयी चुनौतियां लेने से घबराते हैं। ये भविष्य की कांग्रेस बनाएंगे पर कांग्रेस को अपने भीतर पनपती 'कमल छाप नस्लƒ से निजात पानी जरूरी है।

# 7047 करोड़ की परियोजनाओं से चित्रकूट में 6994 मिलेगा रोजगार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 का शुभारंभ इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर लखनऊ से किया। चित्रकूट में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, सीडीओ श्रीमती अमृतपाल कौर, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष कर्वी नरेंद्र गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी की मौजूदगी में भजन संध्या स्थल रैन बसेरा सीतापुर में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व द्वीप जलाकर शुभारंभ किया।



सोमवार को चैथी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी समारोह में सूबे के दस लाख करोड रुपए से अधिक लागत की 14 हजार परियोजनाओं का शुभारंभ हुआ। जिले में 84 जीबीसी परियोजनाओं से 7047 करोड़ की लागत से 6994 को चित्रकूट में रोजगार मिलेगा। कृषि, पशुपालन, डेयरी, ऊर्जा समेत सूचना विभाग, चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग, एमएसएमई, बागवानी, खुदाई, तकनीकी शिक्षा, पर्यटन विभाग, उप्र राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण, आवास विभाग से रोजगार दिये जायेंगे। संचालन शिक्षक साकेत बिहारी शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में डीएफओ डॉ नरेन्द्र कुमार सिंह, उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र एसके केसरवानी, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी राजेंद्र कुमार, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त वाणिज्य कर आदि अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों समेत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस मौके पर विभिन्न उद्यमी व्यापारी व आम जनता मौजूद रही।

## 24-25 को होगा अधिवेशन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भारतीय क्षेत्रीय पत्रकार संघ ने शब्द सेनानियों का अखिल भारतीय अधिवेशन 24-25 फरवरी अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान रानीपुर भट्ट में होगा। देश के विभिन्न प्रांतों से लब्ध-प्रतिष्ठित साहित्यकार एवं पत्रकारों को आमंत्रित किया है।

सोमवार को कार्यक्रम संयोजक रामपाल त्रिपाठी ने बताया कि कार्यक्रम में पत्रकारिता व लेखन, प्रकाशन की प्रक्रियाओं समेत भारतीय संस्कृति, कला, साहित्य, दर्शन पर चर्चा होगी। राष्ट्रीय अधिवेशन में सैकडों की तादाद में पत्रकार व साहित्यकार शामिल हो रहे हैं। शब्द सेनानियों के साथ जिला एवं मंडल के आला अधिकारियों समेत शासन के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व डिप्टी सीएम बृजेश पाठक को आमंत्रित किया है। 24 फरवरी को उद्घाटन सत्र अपरान्ह तीन से छह के बीच होगा। शाम सात बजे से कवि सम्मेलन होगा।

## शराब समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में दरोगा इन्द्रजीत गौतम की टीम ने कामता प्रसाद निषाद पुत्र स्व पंचा निषाद निवासी बराछी के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा इन्द्रजीत गौतम व सिपाही शुभम पाण्डेय शामिल रहे।

## रोजगार मेले में 82 का हुआ चयन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत एक दिवसीय रोजगार मेले में उप्र कौशल विकास मिशन एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में मऊ ब्लाक परिसर में हुआ। रोजगार मेले में पांच से अधिक कम्पनियों व 157 लोगों ने हिस्सा लिया।

सोमवार को विभिन्न कम्पनियों ने 82 लोगों का चयन किया। बतौर मुख्य अतिथि आईटीआई प्रधानाचार्य /जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन जितेन्द्र शुक्ला, जिला सेवायोजन अधिकारी डॉ पीपीसी शर्मा ने अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र बांटे। जिला सेवायोजन अधिकारी ने धन्यवाद ज्ञापित कर रोजगार मेले का समापन किया।

## परीक्षा दिलवाने वाला अभ्यर्थी गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** जिले में पुलिस भर्ती परीक्षा में पालेश्वरनाथ इण्टर कालेज पहाड़ी केन्द्र पर पहली पाली में अनुज कुमार पुत्र मुन्नीलाल निवासी तरौल नारायणपुर थाना मान्धाता जिला प्रतापगढ ने अपने स्थान पर रितेश पुत्र सुनील यादव निवासी माधवपुर थाना बख्तियारपुर पटना- बिहार को परीक्षा देने को बैठाया था। फर्जी अभ्यर्थी रितेश ने स्कैनिंग आशंका होने पर परीक्षा समाप्ति बाद रितेश को हिरासत में लेकर पूंछतांछ की। उसने जुर्म स्वीकार किया। रितेश के कथन व शिनाख्त पर परीक्षा केन्द्र के बाहर घटना की साजिश में शामिल करन कुमार पुत्र कुशेश्वर लाल निवासी नयाटोला माधवपुर थाना बख्तियार पटना-बिहार को भी गिरफ्तार किया था। दोनों के पास फर्जी पहचान पत्र बरामद हुए। इस बाबत मामला दर्जकर मूल अभ्यर्थी अनुज कुमार की गिरफ्तारी को पुलिस टीम ने सोमवार को गिरफ्तार किया। टीम में निरीक्षक अपराध थाना पहाड़ी शम्भू दयाल मौर्य, सिपाही जयप्रकाश व हरीशरण शामिल रहे।

## दीवान जितेन्द्र को सिल्वर मेडल से एसपी ने किया अलंकृत



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस कार्यालय में सर्विलांस सेल में तैनात दीवान जितेन्द्र कुमार कुशवाहा को पुलिस महानिदेशक से पुलिस सेवा में सराहनीय योगदान को प्रसंशा चिन्ह सिल्वर मेडल मिलने पर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने लगाकर अलंकृत किया।

सोमवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने स्वाट/सर्विलांस प्रभारी निरीक्षक एमपी त्रिपाठी समेत सर्विलांस टीम, प्रभारी सोशल मीडिया/साइबर सेल विजय सिंह, पीआओ प्रदीप पाल की मौजूदगी में मुख्य आरक्षी जितेन्द्र कुमार कुशवाहा को अलंकृत कर मुंह मीठा कराया। मुख्य आरक्षी जितेन्द्र कुमार को 13 वर्ष की सेवा दौरान विभिन्न सराहनीय कार्यों के लिये 56 नगद पुरस्कार व तीन उत्तम प्रविष्टियां मिल चुकी हैं। एसपी ने मुख्य आरक्षी जितेन्द्र कुमार कुशवाहा से कहा कि मेहनत- लगन से पदीय कर्तव्यों का निर्वहन करते रहें। पुलिस का नाम रोशन करते रहें।

## कर्वी कोतवाल बने उपेन्द्र सिंह

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कानून व्यवस्था को मजबूत करने की गरज से थाना प्रभारियों के क्षेत्रों में फेर बदल किया है।

सोमवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कोतवाली कर्वी के कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय को मऊ का कोतवाल बनाया है। आशुतोष तिवारी को सरधुवा थाना प्रभारी, प्रवीण सिंह को भरतकूप थाने की कमान सौंपी है। उपेन्द्र सिंह को जिला मुख्यालय कर्वी का कोतवाल बनाया है। पुलिस अधीक्षक का मानना है कि इस फेर बदल से कानून व्यवस्था और मजबूत होगी।

उल्लेखनीय है कि भरतकूप थाना पिछले दिनों खासा विवादित रहा है। वहां के थानाध्यक्ष रहे सुबेदार बिन्द को लेकर तीखी बहस पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र से हुई थी। कर्वी कोतवाल उपेन्द्र सिंह ने हुई भेंट में बताया कि शान्ति व्यवस्था बनाये रखना प्राथमिकता है। अराजकतत्वों पर कार्यवाही की जायेगी। आपराधिक गतिविधियों में शामिल लोगों पर कडी कार्यवाही होगी। अपराध नियंत्रण पहली प्राथमिकता है। जुआ, सट्टा, शराब के कारोबार में अंकुश लगाया जायेगा। पुलिस व जनता के बीच अच्छे संबंध स्थापित किये जायेंगे।

# लक्ष्य के सापेक्ष सभी विभाग करें प्रगति: डीएम, शत-प्रतिशत करें वसूली

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कर-करेत्तर राजस्व वसूली व चकबंदी कार्यों-सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक में कहा कि शासन से निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष सभी विभाग प्रगति करायें। उप जिलाधिकारियों से कहा कि विद्युत की आरसी वसूली शत-प्रतिशत करायें।

सोमवार को कलेक्टेट्ज सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि बैंक, खनन अन्य विभागों की वसूली बढ़ायें। तहसीलदार वसूली पर खास ध्यान दें। राजस्व वादों में दायरे अनुसार निस्तारण करें। तालाब-पोखर, सरकारी जमीन के अवैध कब्जे तत्काल खाली करायें। अविवादित वरासत अभियान चलाकर निस्तारित करें। पुराने वादों का निस्तारण करायें। गांवसभा की जमीनों पर कोई कब्जे नहीं होने चाहिए। धारा 67 के मामलों में एसडीएम देखरेख में निस्तारण करायें। सीएम डैशबोर्ड में जनवरी में जिले की रैंकिंग अच्छी रही है।

इस माह भी कम नहीं होनी चाहिए। सभी बिंदुओं पर फोकस कर कार्य करें, ताकि रैंकिंग अच्छी रहे। धनराशि जमा न करने वाले वाहनों को एआरटीओ ब्लैक लिस्टेड करायें। बैठक में एडीएम एफआर वंदिता श्रीवास्तव, एसडीएम सौरभ यादव, मानिकपुर रामजन्म यादव, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मऊ राकेश कुमार पाठक, एएसडीएम पंकज वर्मा, सतीश चन्द्र, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी एमएल धर्मान, डीसी वाणिज्य कर आरके सोनी, एआरटीओ विवेक शुक्ला, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक तुलसीराम, एक्सईएन विद्युत दीपक सिंह, एक्सईएन जल संस्थान डीके सत्संगी, जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह, सहायक निदेशक मत्स्य भानु चंद्रा, ईओ नगर पंचायत मानिकपुर भारत सिंह, राजापुर बीएन कुशवाहा, मऊ बीके गौतम आदि मौजूद रहे।

# जनता की समस्याओं का डीएम नहीं करते समाधान: दद्दू प्रसाद

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** सूबे के पूर्व ग्राम्य विकास मंत्री दद्दू प्रसाद का ये कथन कि जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द जनता से दूरियां बनाकर चलते हैं। वह पत्रकारों को भी तवज्जो नहीं देते। वह सिर्फ दलाल व नकारा किस्म के अधिकारियों को पसंद करते हैं।

सूबे के ग्राम्य विकास मंत्री दद्दू प्रसाद ने ये खुलासा 16 फरवरी को किया था। उन्होंने डीएम अभिषेक आनन्द पर आरोप लगाया था कि वह आम जनता से दूरियां बनाकर चलते हैं। ऐसे में जनता की समस्यायें जस की तस हैं, आईजीआरएस हो या सीधे जनता शिकायत लेकर उनके पास जाये तो किसी भी समस्या का समाधान नहीं होता। सभी समस्यायें निदान के नाम पर महज नौटंकी होती है। उन्होंने कहा कि डीएम को नकारा अधिकारी व दलाल किस्म के लोग खासे पसंद हैं।

उन्होंने कहा कि जनता से दूरियां बनाना व पत्रकारों को तवज्जो न देने के चलते उन पर कानपुर में नगर आयुक्त रहते भी आरोप लगे थे। चापलूस किस्म के लोग उन्हें खासे पसंद आते हैं। उन्होंने सरकार को राय दिया कि डीएम अभिषेक आनन्द को किसी जिले का चार्ज न दिया जाये, वे जिला चलाने में पूरी तरह से अक्षम साबित हो रहे हैं।

# भाजपा सरकार से निजात चाहती है जनता : मिठाई लाल, पीडीए पखवाड़ा के तहत गुंधौर में आयोजित हुई चौपाल

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर चल रहे पीडीए पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत बीकापुर विधानसभा के गुंधौर में आयोजित चौपाल को सम्बोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि बाबा साहेब वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती ने कहा कि भाजपा सरकार में आम जनता त्रस्त है महंगाई चरम सीमा पर है उन्होंने कहा कि जनता भाजपा सरकार से निजात चाहती है लोकसभा के चुनाव में अयोध्या जनपद से समाजवादी पार्टी का प्रत्याशी विजई होगा तथा सभी कार्यकर्ताओं को अभी से ही लोकसभा चुनाव के तैयारी में लग जाना चाहिए और सपा सरकार की जन कल्याण नीतियों को आम जनता तक पहुंचना है । श्री भारती ने कहा कि 2024 लोकसभा का चुनाव संविधान बचाने का चुनाव है तथा संविधान बचाने का काम समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ही कर सकते हैं । इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री विधायक अवधेश प्रसाद ने कहा कि आप सभी लोगों का सहयोग रहा तो 2024 लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के तौर पर ऐतिहासिक विजय हासिल की जाएगी और केंद्र में इंडिया गठबंधन के नेतृत्व में सरकार बनेगी।




कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने जो विकास का कार्य किया है जनता आज भी उसे याद कर रही है । प्रदेश महासचिव पूर्व विधायक जयशंकर पांडेय ने कहा कि जब भी समाजवादी पार्टी की सरकार बनी है प्रदेश में सर्वाधिक विकास हुआ है जनता आज भी समाजवादी पार्टी को आशा भरी निगाहों से देख रही है । बीकापुर विधायक प्रत्याशी रहे हाजी फिरोज खान गब्बर ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी सर्वाधिक सीट जीतकर केंद्र की सरकार बनाने में अहम भूमिका निभायेगी । सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि आज के कार्यक्रम में आए हुए सभी पार्टी के नेताओं कार्यकर्ताओं ने लोकसभा चुनाव जीतने का संकल्प लिया । कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सचिव नागेश्वर करी ने किया तथा इस अवसर पर महिला सभा की जिला अध्यक्ष सरोज यादव प्रदेश सचिव छोटे लाल यादव हरिराम करी सुनीता कोरी जिला उपाध्यक्ष एजाज अहमद ओ पी पासवान प्रदेश सचिव छेदी सिंह प्रदेश सचिव कृष्ण कुमार पटेल चौधरी बलराम यादव राजकुमारी कोरी कमलेश सोलंकी सुभाष चंद्र लहरी सत्य प्रकाश कोटी नर्सिंग भारती जय प्रकाश भारती सुरेंद्र बागी जगत नारायण यादव राम केवल यादव अजय कुमार वर्मा संजय यादव आदि लोग मौजूद रहे ।

## टांय-टांय फुस्स हो सकती है जांच, चार छात्रों के विस्फोट से मौत का मामला



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बुंदेलखंड गौरव महोत्सव दौरान शहर के चित्रकूट इंटर कॉलेज परिसर में हुए धमाके से चार मासूम छात्रों की मौत मामले में जांच जारी है। आतिशबाज कंपनी मालिकों को बुलाकर पुलिस ने चार घंटे तक पूंछतांछ की। कंपनी के कागजात देखे। डीएम ने मामले की मजिस्ट्रेटी जांच एडीएम न्यायिक उमेश निगम को सौपी है।

ज्ञात है कि पुलिस लाइन कक्ष में आतिशबाजी कंपनी इंदौर की डोंप कंपनी मालिक व चार कर्मचारियों से जांच टीम ने पूंछतांछ की। सबसे ज्यादा कंपनी के कागजात व पटाखे कहां से लाते हैं, लाइसेंस व मानक की जानकारी ली। सूत्रों ने बताया कि कई खामियां मिली हैं। घटना बाद कंपनी के हर्ष कामगर व पंकज जाट समेत 15 कर्मचारियों को पुलिस ने कोतवाली में बैठाया था। पूंछतांछ पूरी होने बाद फिलहाल उन्हें गंतव्य भेजा है। निर्देश दिये हैं कि अपने जिले को छोडकर कहीं न जायें। कभी भी पूंछतांछ को बुलाये जा सकते हैं। अभी तक हादसे के दोषी को जांच टीम तय नहीं कर सकी। 72 घंटे से ज्यादा होने के बाद भी जांच टीम को अहम सुराग नहीं मिल सके। अभी तक कोई दोषी तय नहीं हो सके। इससे जाहिर है मामला ठंडे बस्ते में डालने की तैयारी है। ये मामला जांच के नाम पर टांय-टांय फुस्स करने की प्रशासन की साजिश है।

## एक पर हुआ गुंडा एक्ट

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले सुंदरम मिश्रा पुत्र रामू प्रसाद निवासी सुभाषनगर के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्यवाही की है।

## ठगी के 75 हजार साइबर सेल ने लौटाये



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बढ़ते साइबर अपराध रोकने व जनता को राहत दिलाने की गरज से जारी अभियान में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर साइबर अपराध रोकथाम को एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ कार्यालय राजकमल की देखरेख में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह की टीम ने पीड़ित के 75 हजार रुपये लौटाये हैं।

ज्ञात है कि थाना मारकुण्डी के आवेदक अनूप कुमार तिवारी ने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर क्रेडिट कार्ड अपडेट कराने के नाम पर 75 हजार रुपये की ठगी की शिकायत की थी। संज्ञान में लेकर साइबर सेल ने बैंक से तालमेल कर पीड़ित के खाते में पूरी धनराशि 75 हजार रुपये लौटाये हैं। पीड़ित ने सम्पूर्ण धनराशि मिलने पर साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह, सिपाही सर्वेश कुमार, प्रशांत कुमार का आभार जताते हुए सराहना कर धन्यवाद पत्र दिया है।

## पुलिस ने गांजा समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में दरोगा प्रवीण कुमार सिंह की टीम ने संजय उपाध्याय पुत्र स्व शिवशरण उपाध्याय निवासी इटौरा थाना पहाड़ी के कब्जे से एक किलो तीन सौ ग्राम गांजा समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा प्रवीण कुमार सिंह, दरोगा राहुल कुमार पाण्डेय व सिपाही महेन्द्र सिंह शामिल रहे।

# ब्रिटेन सरकार ने स्कूलों में बच्चों के मोबाइल फोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया



**लंदन,।** स्कूलों में बच्चों के मोबाइल फोन के उपयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने के लिए ब्रिटेन सरकार ने निर्देश दिए हैं। इस संबंध में अधिकारियों को विद्यार्थियों के व्यवहार, ध्यान को बेहतर बनाने, सीखने में व्यवधान को रोकने और चिंता से बचाने के निर्देश दिए गए हैं।

ब्रिटेन के शिक्षा मंत्रालय ने इस आशय के दिशा-निर्देश प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों और स्कूल स्टाफ के लिए जारी किया है। मंत्रालय की ओर से कहा गया है, "हम इस बात के लिए दृढ़ हैं कि सभी स्कूलों में पूरी तरह बच्चों के मोबाइल फोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगना चाहिए। यह प्रतिबंध न केवल कक्षाओं के दौरान बल्कि ब्रेक और दोपहर के भोजन के समय भी लागू होना चाहिए।"

शिक्षा सचिव गिलियन कीगन ने कहा कि ऐसे दिशा-निर्देश जारी करने से पहले प्रधानाध्यापकों से विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि ऑफकॉम डेटा कहता है कि 97 प्रतिशत बच्चों के पास 12 साल की उम्र से एक स्मार्टफोन होता है। इससे बच्चों का ध्यान भटकता है। वह गलत दिशा की ओर प्रेरित होते हैं। इस संबंध में मौत की घाट उतारी जा चुकी किशोरी ब्रायना की मां एस्थर ने कहा है कि यह अच्छा कदम है। 16 साल से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया तक पहुंचने से भी रोका जाए। उन्होंने कहा कि उनकी बेटी के हत्यारों ने जघन्य वारदात को अंजाम देने से पहले हिंसक सामग्री देखी थी।

सरकार के इस कदम पर एसोसिएशन ऑफ स्कूल एंड कॉलेज लीडर्स के महासचिव ज्योफ बार्टन ने कहा कि कुछ बच्चे मोबाइल फोन पर जितना समय बिताते हैं, वह चिंता का विषय है। राष्ट्रीय शिक्षा संघ के महासचिव डैनियल केबेडे ने कहा है कि चूंकि अधिकांश स्कूलों में मोबाइल फोन के उपयोग की समस्याओं से निपटने के लिए पहले से ही नीतियां मौजूद हैं, इसलिए इस मार्गदर्शन से बहुत कम फर्क पड़ेगा। एससेक्स के दो स्कूलों के कार्यकारी प्रिंसिपल विक गोडार्ड ने कहा है कि हाल ही में फोन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का हमारा परिणाम परिवर्तनकारी रहा। सकारात्मक के साथ माता-पिता और छात्रों की प्रतिक्रिया मिली। सरकार के नए दिशा-निर्देश ऐसे प्रयासों को और अधिक बल मिलेगा।

# नेपाल में महिलाओं की कलश यात्रा पर हमले के विरोध में प्रदर्शन, बीरगंज में भी लगा कर्फ्यू



**काठमांडू।** सरस्वती पूजा के बाद मूर्ति विसर्जन के क्रम में पथराव के बाद रौतहट का इशनाथ नगरपालिका में पिछले तीन दिनों से कर्फ्यू लगा हुआ है। इस घटना के विरोध में सोमवार को बीरगंज शहर में हिन्दू संगठनों ने विरोध प्रदर्शन की घोषणा की तो जिला प्रशासन ने वहां भी कर्फ्यू लगा दिया है। इशनाथ नगरपालिका में मूर्ति विसर्जन और महोत्तरी के सम्सी में महिलाओं की कलश यात्रा पर मस्जिद के भीतर से पथराव करने की घटना के विरोध में आज वीरगंज के हिन्दू संगठनों ने सोमवार को विरोध प्रदर्शन निकालने का निर्णय किया था। दोपहर बाद विरोध प्रदर्शन निकाला भी गया। इसी बीच जिला प्रशासन ने किसी भी संभावित झड़प को देखते हुए शाम पांच बजे से पूरे शहर में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू आदेश जारी कर दिया है। पर्सा जिला के प्रमुख जिलाधिकारी दिनेश सागर भूषाल की तरफ से जारी कर्फ्यू आदेश में उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कडी कानूनी कार्रवाई करने की बात उल्लेख है। इधर, हिन्दू संगठनों ने प्रशासन के इस आदेश को उनके विरोध प्रदर्शन को रोकने का हथकंडा बताया है। विश्व हिन्दू परिषद के स्थानीय नेता रंजीत साह ने कहा कि हिन्दू समाज के पक्ष में विरोध प्रदर्शन करना हमारा लोकतांत्रिक अधिकार है लेकिन जिला प्रशासन ने मुस्लिमों के दबाव में आकर हमारे विरोध प्रदर्शन को रोकने के लिए कर्फ्यू लगाया है।

# पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री काकर दूसरी बार नहीं पेश हुए इस्लामाबाद हाई कोर्ट के समक्ष



**इस्लामाबाद।** लापता बलूच छात्रों के मामले में पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक काकर सोमवार को इस्लामाबाद हाई कोर्ट के समक्ष दूसरी बार पेश नहीं हुए। न्यायमूर्ति मोहसिन अख्तर कयानी ने जबरन गायब किए गए छात्रों व अन्य पर जांच आयोग की सिफारिशों के कार्यान्वयन के संबंध में दायर याचिका पर सुनवाई की।

उन्होंने कहा, ह्लकार्यवाहक प्रधानमंत्री को तलब करने का उद्देश्य यह पूछताछ करना था कि वह अपने कर्तव्यों में विफल क्यों हो रहे हैं।ह्व दरअसल, लापता व्यक्तियों का पता लगाने और इसके लिए जिम्मेदार व्यक्तियों या संगठनों पर जिम्मेदारी तय करने के लिए 2011 में आयोग की स्थापना की गई थी। पूर्व की सुनवाई में न्यायमूर्ति कयानी ने काकर, रक्षा और आंतरिक मंत्रियों के साथ-साथ संबंधित मंत्रालयों के सचिवों को 19 फरवरी को सुबह 10 बजे अदालत के समक्ष हाजिर होने का आदेश दिया था।

हाई कोर्ट ने 13 फरवरी को सुनवाई के दौरान कहा था कि छात्रों को जबरन गायब करने में शामिल लोगों को दो बार मौत की सजा दी जानी चाहिए। इसके बाद उन्होंने कार्यवाहक प्रधानमंत्री से व्यक्तिगत रूप से पेश होकर यह बताने को कहा था कि उनके खिलाफ मामला क्यों दर्ज नहीं किया जाना चाहिए। यह दूसरी बार है जब कार्यवाहक प्रधानमंत्री अदालत में हाजिर नहीं हुए। उन्हें 22 नवंबर, 2023 को वकील इमान मजारी के दायर मामले में व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया गया था लेकिन देश से बाहर होने की वजह से वह उपस्थित नहीं हो पाए थे।

पाकिस्तान के अटॉर्नी जनरल (एजीपी) मंसूर उस्मान अवान ने 29 नवंबर की सुनवाई के दौरान अदालत को सूचित किया था कि 50 लापता व्यक्तियों में से 22 को बरामद कर लिया गया है लेकिन 28 अन्य का पता अभी नहीं लगाया जा सका है। इस केस में 10 जनवरी को न्यायमूर्ति कयानी ने टिप्पणी की थी कि एक दिन आएगा जब खुफिया अधिकारियों को भी जवाबदेह ठहराया जाएगा और मामलों के लिए अभियोजन का सामना करना पड़ेगा। आज की सुनवाई 28 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी।

## बांग्लादेश में हत्या के 14 साल पुराने केस में पांच लोगों को मौत की सजा



**ढाका।** बांग्लादेश में जॉयपुरहाट की एक अदालत ने लगभग 14 साल पुराने अबू ताहिर हत्या केस में नौ आरोपितों में से पांच को मौत की सजा सुनाई है। इनमें एक महिला भी है। अदालत ने प्रत्येक दोषी पर 50,000 टका का जुमार्ना भी लगाया है। आरोपितों ने जॉयपुरहाट जिले के पंचबीबी उप जिला में 25 मार्च, 2010 को एक व्यक्ति की हत्या कर दी थी।

बांग्लादेश के अखबार ढाका ट्रिब्यून ने अपनी रिपोर्ट में लोक अभियोजक नेपेंद्रनाथ मंडल के हवाले से जॉयपुरहाट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश कोर्ट के जज एमडी नुरुल इस्लाम के फैसले की पुष्टि की। मंडल ने कहा कि अदालत ने यह फैसला पांच में से चार दोषियों की उपस्थिति में पारित किया। जिन दोषियों को मौत की सजा सुनाई गई है, उनमें साहिदा बेगम, उसका बेटा रब्बानी, मुजफ्फर हुसैन, अमीना बेगम और उसका बेटा रफीउल इस्लाम हैं। ये लोग उप जिला के कोत्तारा गांव के रहने वाले हैं। फैसला सुनाए जाने के दौरान अमीना को छोड़कर सभी दोषी कठघरे में थे। अदालत ने चार लोगों को बरी कर दिया।

## पाकिस्तान में लापता बलूच छात्रों के मामले में आज हाई कोर्ट में सुनवाई, कार्यवाहक प्रधानमंत्री काकर होंगे पेश

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक काकर आज (सोमवार) लापता बलूच छात्रों के मामले में इस्लामाबाद हाई कोर्ट के समक्ष पेश होंगे। इससे पहले न्यायमूर्ति मोहसिन अख्तर कयानी ने चार पन्नों का लिखित आदेश जारी कर काकर, रक्षा और आंतरिक मंत्रियों के साथ-साथ संबंधित मंत्रालयों के सचिवों को तलब किया था। सभी को सुबह 10 बजे अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया था। जिओ न्यूज चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, हाई कोर्ट ने 13 फरवरी को पिछली सुनवाई में अंतरिम प्रधानमंत्री को बेंच के सामने पेश होने का निर्देश दिया था। पिछली सुनवाई की शुरूआत में सहायक अटॉर्नी जनरल ने अदालत से सुनवाई स्थगित करने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा था कि अटॉर्नी जनरल उपलब्ध नहीं हैं, इसलिए सुनवाई स्थगित कर दी जाए। हालांकि हाईकोर्ट ने अनुरोध अस्वीकार कर दिया था। न्यायमूर्ति कयानी ने इस पर टिप्पणी की थी कि छात्रों को जबरन गायब करने में शामिल लोगों को दो बार मौत की सजा दी जानी चाहिए। इसके बाद उन्होंने कार्यवाहक प्रधानमंत्री से व्यक्तिगत रूप से पेश होकर यह बताने को कहा था कि उनके खिलाफ मामला क्यों दर्ज नहीं किया जाना चाहिए। महाधिवक्ता ने अदालत से अनुरोध किया था कि उन्हें मामले में और समय की आवश्यकता है, लेकिन न्यायमूर्ति कयानी ने सरकार की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। यह दूसरी बार है जब कार्यवाहक प्रधानमंत्री को हाई कोर्ट ने तलब किया है। उन्हें 22 नवंबर, 2023 को वकील इमान मजारी द्वारा दायर मामले में व्यक्तिगत रूप से पेश होने के लिए बुलाया गया था। देश से बाहर होने की वजह से वह उपस्थित नहीं हो पाए थे।

# भारत की 20 करोड़ रुपये अनुदान राशि को लेकर दुष्प्रचार होने पर प्रधानमंत्री प्रचंड ने जताई आपत्ति



**काठमांडू।** प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड ने भारत सरकार की ओर से दिए जाने वाले 20 करोड़ रुपये के अनुदान को लेकर विपक्षी दल की आलोचना पर आपत्ति जताई है। उन्होंने इसे दुखद बताते हुए कहा कि विकास कार्यों के लिए दिए जा रहे अनुदान पर सवाल खड़ा करना सर्वथा अनुचित है। प्रतिनिधि सभा में सांसदों के प्रश्नों का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ह्यप्रचंडह्न ने कहा कि हाल ही में भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने नेपाल भ्रमण के समय भारत सरकार की ओर से नियमित दिए जाने वाले अनुदान को 5 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 20 करोड़ रुपये किए जाने पर खुशी व्यक्त करने के बजाए विपक्षी पार्टी के नेता इसका विरोध कर रहे हैं। उन्होंने इसे दुखद बताते हुए भारत से विकास कार्यों के लिए दिए जा रहे अनुदान पर सवाल खड़ा करना सर्वथा अनुचित है। प्रधानमंत्री ने संसद में कहा कि पहले भी भारत सरकार से छोटी विकास परियोजना के तहत 5 करोड़ रुपये का अनुदान दिया जाता रहा है। पिछले एक दशक से मिल रही इस अनुदान की राशि को बढ़ाकर 20 करोड़ रुपये कर दिया गया है तो इसका विरोध करने का कोई औचित्य नहीं है। प्रचंड ने यह भी कहा कि भारत के खिलाफ दुष्प्रचार करते हुए विपक्षी दल ने कहा कि यह रकम सीधे खर्च की जाएगी जबकि यह सरासर गलत है। सांसदों के सवाल के जवाब में प्रधानमंत्री प्रचंड ने कहा कि भारत की अनुदान राशि को उसी परियोजना में खर्च किया जाएगा, जिसकी स्वीकृति संघीय सरकार की तरफ से की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्थानीय सरकार की सिफारिश पर संघीय सरकार उस पर मुहर लगाएगी। इसलिए यह कहना कि इस रकम का उपयोग भारतीय दूतावास से सीधा किया जाएगा, सर्वथा गलत है।

# बिलावल पाकिस्तान में लोकतंत्र के माखौल से खफा, आंदोलन की चेतावनी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी देश के राजनीतिक परिदृश्य से नाखुश हैं। आठ फरवरी के आम चुनाव में कथित धांधली के खिलाफ हो रहे देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों के बीच सिंध में चुनावी जीत का जश्न मनाते हुए बिलावल ने कल (रविवार) थट्टा में यौम-ए-तशाकुर रैली में अपनी नाखुशी का खुला इजहार किया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर "लोकतंत्र या महासंघ खतरे में पड़ेगा तो विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।"

जिओ न्यूज के अनुसार, यौम-ए-तशाकुर रैली में बिलावल ने पार्टी समर्थकों से सड़कों पर उतरने का आह्वान किया। उन्होंने इस मौके पर पीपीपी संस्थापक जुल्फिकार अली अपनी मां पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि चुनाव में धांधली के संबंध में अपने उम्मीदवारों की शिकायतें उचित कानूनी मंच पर दर्ज कराएंगे। अगर न्याय नहीं मिला तो जनता के साथ मिलकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। बिलावल ने कहा, बलूचिस्तान में जनादेश चुरा लिया गया है। सिंध में आगामी सरकार पूरी तरह से फॉर्म 45 के आधार पर बनाई जाएगी। साथ ही पीएमएल-एन के समर्थन से बलूचिस्तान में सरकार बनाई जाएगी। पीपीपी नेता ने कहा कि उनके पिता आसिफ अली जरदारी राष्ट्रपति पद के लिए पार्टी के उम्मीदवार होंगे। उन्होंने इसके लिए सभी दलों से सहयोग मांगा है। बिलावल ने कहा कि 'यह देश को बचाने का समय है।' संख्या बल पर पीपीपी अध्यक्ष ने कहा कि हमें न तो प्रधानमंत्री की कुर्सी चाहिए और न ही कोई मंत्रालय।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# नेपाल : माओवादी के साथ गठबन्धन रखने या तोड़ने को लेकर कांग्रेस में विवाद



**काठमांडू।** नेपाल के सत्तारूढ़ गठबन्धन में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस की आज से महासमिति की बैठक हो रही है। इस बैठक में राजनीतिक प्रस्ताव को लेकर पार्टी अध्यक्ष और महामंत्री के बीच गठबन्धन को ही निरन्तरता देने या गठबन्धन तोड़ने को लेकर विवाद हो गया है। सत्ता गठबन्धन में सबसे बड़े साझेदार रहे नेपाली कांग्रेस पार्टी की आज से महासमिति की बैठक होने जा रही है। यह पार्टी की सबसे बड़ी और अहम बैठक होती है। इसी बैठक से पार्टी आगामी कार्यदिशा तय करने वाली है। लेकिन बैठक शुरू होने से पहले ही पार्टी अध्यक्ष शेरबहादुर देउवा और महामंत्री गगन थापा के बीच गठबन्धन को लेकर विवाद शुरू हो गया है। माओवादी नेतृत्व में रहे गठबन्धन सरकार का औचित्य समाप्त होने की बात कहते हुए पार्टी का एक बड़ा समूह गठबन्धन तोड़ने के पक्ष में है जबकि दूसरा समूह इसी गठबन्धन को निरन्तरता देने के पक्ष में है। महासमिति की बैठक से पहले केन्द्रीय समिति की बैठक मैं राजनीतिक प्रस्ताव पेश करते हुए महामंत्री गगन थापा ने कहा कि माओवादी के साथ गठबन्धन के कारण पार्टी की विचारधारा दिन प्रतिदिन कमजोर होते जाने और पार्टी की छवि खराब होने के साथ साथ आम कार्यकर्ता में निराशा है। उनका तर्क है कि वामपंथी दल के साथ गठबन्धन के कारण पार्टी की जनता पर ना सिर्फ पकड़ ढीली होती जा रही है बल्कि दिन प्रतिदिन हमारी लोकप्रियता में भी ह्रास हो रहा है। गगन थापा ने कहा कि 275 सीटों वाली प्रतिनिधि सभा में लगभग सौ सीट वाली हमारी पार्टी को सिर्फ 38 सीट वाले माओवादी के पीछे पीछे चलने को मजबूर किया गया है, यह सबसे दुखद पक्ष है।हालांकि पार्टी अध्यक्ष शेरबहादुर देउवा अपनी ही पार्टी के महामंत्री के तर्क से नाखुश हैं। केन्द्रीय समिति की बैठक से महामंत्री थापा द्वारा पेश किए गए इस प्रस्ताव को पारित नहीं किया गया है। आज महासमिति की बैठक से पहले हुई पार्टी पदाधिकारियों की बैठक में भी अध्यक्ष देउवा ने महामंत्री गगन थापा से प्रस्ताव को वापस लेने का आग्रह किया लेकिन थापा ने इससे इनकार कर दिया है। देउवा पक्षीय नेता और पार्टी उपसभापति पूर्ण बहादुर खड्का ने कहा कि इस समय गठबन्धन का कोई विकल्प नहीं है, इसलिए गठबन्धन तोड़ने का प्रस्ताव महासमिति की बैठक में रखा नहीं जा सकता है।गगन थापा के गठबन्धन तोड़ने के प्रस्ताव का पार्टी के वरिष्ठ नेता शेखर कोईराला ने समर्थन किया है।

पार्टी के महाधिवेशन में देउवा के खिलाफ अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने वाले डा शेखर कोईराला ने आज एक पत्रिका में लेख लिखते हुए कहा है कि पार्टी को अगर बचाना है और आगे के चुनाव में अच्छे मत के साथ बहुमत लाना है तो तत्काल गठबन्धन छोड़ने का निर्णय करना चाहिए।